

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 9 फरवरी 2023 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष -4 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-311 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 फरवरी 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# झीरमकांड पर छिड़ी जुबानी जंग

## कवासी लखमा को सब पता, इस्तीफा लेकर रोज पूछताछ होनी चाहिए: अजय

रायपुर,9 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

झीरम नक्सल कांड पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने बड़ा बयान दिया है. अजय चंद्राकर ने कहा कि मंत्री कवासी लखमा से पूछताछ होनी चाहिए. मंत्री कवासी लखमा को सब जानकारी है. लखमा घटना के प्रत्यक्षदर्शी हैं. झीरम नक्सल कांड पर पीड़ित परिवार को अब तक न्याय नहीं मिला. लखमा जिसे भी दोषी बताए उसे फांसी पर चढ़ा देना चाहिए. मुझे दोषी बताएं तो मुझे फांसी पर चढ़ा दें. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि लखमा से सरकार को तत्काल इस्तीफा लेकर पूछताछ करनी चाहिए. झीरम के मामले में सिर्फ राजनीति ही होती रही है. कांग्रेस सिर्फ न्याय देने की बात कहती रही. अजय चंद्रकार ने कहा कि जांच आयोग बनाने की जरूरत नहीं थी. झीरम का सत्य तो सामने है. कांग्रेस को राजनीति करनी है. अगर जांच पूरी हो गई तो राजनीति कैसे करेगी. कितनी ही कमेटियां बना दी गई ? किसकी जांच पूरी हुई ? जब प्रत्यक्षदर्शी सरकार में मंत्री है तो उनका इस्तीफा लेकर उनसे पूछताछ होनी चाहिए.अजय चंद्रकार ने कहा कि कवासी लखमा को तो सब पता है. उनसे बंद कमरे में रोज पूछताछ होनी चाहिए. वो जिसे दोषी बताए उन्हें फांसी पर लटका देना चाहिए. मुझे दोषी बताते हैं, तो मुझे फांसी पर लटका दे. इस मामले में सिर्फ राजनीति हो रही है. कांग्रेस सरकार आने के बाद पीड़ित परिवार को क्या मिला ? जांच आयोग का कार्यकाल बढ़ाने से कुछ नहीं होगा ?

### रमन सिंह से होनी चाहिए पूछताछ: कांग्रेस

झीरम नक्सल कांड मामले में फिर सियासत गरमाने लगी है. विधायक अजय चंद्राकर के बयान पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने तीखा पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि जांच आयोग का कार्यकाल बढ़ा तो भाजपा इतना तिलमिला क्यों रही है ?. सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि डॉ. रमन सिंह से पूछताछ होनी चाहिए. नक्सल घटना के दौरान डॉ. रमन सिंह की सरकार थी. रमन सरकार में मंत्री रहे सदस्यों से पूछताछ होनी चाहिए. अजय चंद्राकर को कुछ पता है तो उन्हें जांच आयोग के पास जाना चाहिए. जांच आयोग का कार्यकाल बढ़ा तो भाजपा इतना तिलमिला क्यों रही है?.

### रमन सिंह व मुकेश का नार्को टेस्ट हो : सीएम

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चंद्राकर के बयान पर कहा है कि भाजपा एनआईए की जांच वापस करा दें। हमने जांच वापसी के लिए गृहमंत्रालय व एनआईए को कई बार पत्र लिखा है। बघेल ने कहा कि रमन सिंह व मुकेश गुप्ता की नार्को जांच हो जाए। इससे मामले का खुलासा हो जाएगा। कवासी लखमा का भी नार्को टेस्ट हो जाए तो हमे कोई दिक्कत नहीं है।



राजिम। राजिम मेला लोक कलाकारों ने नृत्य के जरिए अपनी कला का प्रदर्शन किया।

## संक्षेप

### पूर्व सीएम रमन सिंह के नाम पर ठगी

#### फर्जी फेसबुक अकाउंट के जरिए पैसों की मांग

**रायपुर,9 फरवरी।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया गया। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फर्जी फेसबुक अकाउंट से मैसेज कर लोगों से पैसे की मांग की जा रही है। पूर्व सीएम रमन सिंह ने इसकी जानकारी अपने फेसबुक अकाउंट से दी है। उन्होंने लिखा कि– फेसबुक पर मेरे नाम से एक फेक प्रोफाइल बनाकर प्रदेशवासियों को आर्थिक लेन-देन के लिए संदेश भेजे जा रहे हैं। मैं आप सभी से निवेदन करता हूं कि ऐसे किसी भी संदेश के छलावे में न आएं और ऑनलाइन ठगी से बचें। इस मामले में कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा है कि रमन सिंह यह सब ऑनलाइन नहीं करते हैं। उन्हें पुलिस में शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

### आखिर ठग महाराज से किसने की ठगी: सीएम

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के फेक फेसबुक अकाउंट के जरिए लोगों से पैसे मांगे जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि ठग के साथ ठगी. जिन्होंने महिलाओं, किसानों और पूरे राज्य को ठगा, आखिर उन ठग महाराज के साथ किसने ठगी की.

### मोदी ने की फिल्म पठान की तारीफ

**नई दिल्ली,9 फरवरी।** शाहरुख खान की फिल्म लगातार रिकोर्ड पर रिकॉर्ड तोड़ रही हैं। फिल्म पठान हाल के दिनों में बॉलीवुड की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। चार साल के लंबे अंतराल के बाद लोगों के पसंदीदा सुपरस्टार शाहरुख खान को देखने के लिए प्रशंसक सिनेमाघरों में उमड़ रहे हैं! पहले यह बताया गया था कि पठान ने कश्मीर के 32 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। 32 साल पहले कश्मीर में सिनेमाघरों के बाहर हाउसफुल बोर्ड लगाए गये थे अब एक बार फिर से पठान को लेकर लोगों के दिलों में वही क्रेज देखा गया। फैंस और सेलेब्स ही नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अब पठान की तारीफ की है। अपने हालिया संसद भाषण के दौरान, प्रधानमंत्री ने श्रीनगर में पठान के हाउसफुल शो होने का जिक्र किया और तारीफ की। पीएम ने किसी फिल्म का नाम नहीं लिया लेकिन इस वक्त कश्मीर में पठान के सारे शो रिलीज के समय हाउसफुल थे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल

**जांजगीर-चाम्पा.** शिवरीनारायण के बैराज मोड़ के पास तेज रफ्तार छोटा हाथी गाड़ी ने बाइक में सवार दो युवकों ठोकर मार दी. इससे बाइक में सवार दोनों युवकों को गंभीर चोट आई है. दोनों घायलों को शिवरीनारायण का हॉस्पिटल ले जाया गया, वहां से दोनों को बिलासपुर रेफर कर दिया गया है. घटना में बाइक का सामने के हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है. मौके पर शिवरीनारायण पुलिस पहुंच कर जांच कर रही है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शिवरीनारायण के बैराज मोड़ के पास बाइक में सवार दो युवक राजू रोहिदास वार्ड नंबर 13 निवासी शिवरीनारायण और अरुण कर्ष वार्ड नंबर 09 निवासी शिवरीनारायण, दोनों बाइक में सवार थे, तभी बैराज के मोड़ के पास छोटा हाथी गाड़ी ने ठोकर मार दी. इससे दोनों जमीन पर गिर गए और बाइक का समाने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है.

# आकांक्षी जिलों में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले का बेहतर प्रदर्शन

रायपुर,9 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

भारत सरकार के नीति आयोग की ओर से आकांक्षी जिलों को लेकर रिपोर्ट जारी की जाती है। इसी कड़ी में दिसम्बर 2022 के लिए जारी की गयी चैम्पियन ऑफ चेंज डेल्टा रैंकिंग में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले का परफॉर्मेंस बेहतर रहा है। देश में घोषित 112 आकांक्षी जिलों में से ओवरऑल परफॉर्मेंस श्रेणी में शीर्ष पांच जिलों में छत्तीसगढ़ के आकांक्षी जिलों में शामिल नारायणपुर जिला चौथे स्थान पर है। वहीं स्वास्थ्य और पोषण श्रेणी में नारायणपुर जिले का स्थान तीसरा है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में बीते चार के भीतर स्वास्थ्य और पोषण सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ में हुए इन प्रयासों को भारत सरकार ने भी कई बार सराहा है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बच्चों में कुपोषण दूर करने और किशोरी बालिकाओं व महिलाओं को एनिमिया से मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान चलाया है। छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों से पोषण के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम भी सामने आये हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक, दाई-दीदी क्लिनिक, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, हमर लैब, मलेरिया मुक्त बस्तर और मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ योजना का संचालन करने के साथ ही छत्तीसगढ़ में लोगों को डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य संबंधी लाभ पहुंचाये जा रहे हैं।

# चीनी सर्विलांस वाला गुब्बारा किसी बड़ी साजिश का हिस्सा

**नई दिल्ली,9 फरवरी।** चीन के जासूसी गुब्बारे को लेकर तरह तरह के नए दावे रोज किए जा रहे हैं। अब अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि चीन का जासूसी गुब्बारा एक वैश्विक निगरानी प्रयास का हिस्सा है। जिसे तमाम देशों की सैन्य क्षमताओं के बारे में जानकारी एकट्ठा करने के लिए बनाया गया है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि चीन ने केवल अमेरिका ही नहीं, बल्कि पांच महाद्वीपों के कई देशों की संप्रभुता का उल्लंघन किया है। वहीं वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार जासूसी बैलून कई वर्षों से चीन के दक्षिण तट से आंशिक रूप से हैनान प्रांत से संचालित होता रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन के लिए उभरते रणनीतिक हित के लिए इसने जापान, भारत, वियतनाम, ताइवान और फिलीपींस के क्षेत्रों में सैन्य क्षमताओं के बारे में जानकारी एकत्र की है। पोस्ट की रिपोर्ट कई गुमनाम रक्षा और खुफिया अधिकारियों के साक्षात्कार पर आधारित थी। अधिकारियों ने कहा है कि पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) वायु सेना द्वारा संचालित इन निगरानी हवाई पोतों को पांच महाद्वीपों में देखा गया है। एक सीनियर डिफेंस स्टॉफ ने कहा कि ये गुब्बारे पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) के गुब्बारों के बेड़े का हिस्सा हैं, जिन्हें निगरानी संचालन करने के लिए विकसित किया गया है। पिछले हफ्ते ट्रैक किए गए गुब्बारे के अलावा हाल के वर्षों में फ्लोरिडा, टेक्सास और गुआम में कम से कम चार गुब्बारे देखे गए हैं।

### भारत समेत कई देशों को बनाया निशाना



अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने दावा किया कि अमेरिकी वायु क्षेत्र में चीनी निगरानी गुब्बारों के उड़ने के चार मामले पहले भी सामने आ चुके हैं और अमेरिका में हाल में नष्ट किया गया चीनी गुब्बारा ''कई साल'' से जारी चीन के बड़े निगरानी कार्यक्रम का हिस्सा था। रक्षा विभाग के प्रवक्ता जनरल पैट राइडर ने संवाददाताओं से कहा कि यूएस नदर्न कमांड नष्ट किए गए गुब्बारे के मलबे को हासिल करने की कोशिश में जुटा है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका को इस बात की जानकारी है कि इससे पहले भी चार गुब्बारे अमेरिकी क्षेत्र के ऊपर उड़ाए गए हैं। अमेरिका में मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने भारत और जापान समेत कई देशों को निशाना बनाकर जासूसी गुब्बारों के एक बेड़े को संचालित किया है। अमेरिकी अधिकारियों ने भारत समेत अपने मित्रों एवं सहयोगियों को चीनी गुब्बारे संबंधी जानकारी से अवगत कराया है।


# चित्रकोट महोत्सव 14 फरवरी से

जगदलपुर,9 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

एशिया का नियाग्रा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में बस्तर के चित्रकोट वाटरफॉल के तट पर तीन दिवसीय चित्रकोट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस साल यह महोत्सव 14 फरवरी को शुरू होगा जो 16 फरवरी तक चलेगा। इन तीन दिनों में कई तरह के खेलकूद का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही अलग-अलग



इलाकों के कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। दरअसल, हर साल की तरह इस साल भी चित्रकोट महोत्सव मनाया जा रहा है। लोक सांस्कृतिक रंगों और विभिन्न खेलकूद से सराबोर तीन दिवसीय चित्रकोट महोत्सव में जिले के अलग-अलग इलाकों के लोग हिस्सा लेंगे। कलेक्टर चंदन कुमार ने जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में अफसरों की बैठक लेकर महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि, चित्रकोट महोत्सव के लिए जिन-जिन अफसरों को जो जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन करें। उन्होंने महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही खेलकूद में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के ठहरने, महोत्सव स्थल की सुरक्षा, साफ-सफाई एवं पर्याप्त रोशनी, ग्रामीणों के लिए पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि, चित्रकोट महोत्सव में बाहर के भी किसी दिग्गज कलाकारों को बुलाया जाएगा।



# कांग्रेस के अधिवेशन स्थल का जायजा लिया मुख्यमंत्री ने

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 9 फरवरी।** नवा रायपुर अटल नगर में आगामी 24 से 26 फरवरी तक होने वाले कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों का जायजा लेने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे। यहां पर अब सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कांग्रेस भवन के महामंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ भूपेश बघेल ने नया रायपुर मेला स्थल पहुंचकर राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों का जायजा लिया। यहां पर सुरक्षागत कारणों से अलग-अलग मंच बनाए जा रहे हैं। सभी राष्ट्रीय नेताओं के आगमन को देखते हुए यहां बैठने की भी अलग-अलग व्यवस्था की जा रही है। कांग्रेस भवन के सूत्रों के अनुसार अब कांग्रेस नगर नहीं बनाया जाएगा। पहले टेंट लगाकर इसे बनाए जाने की योजना थी। वर्तमान में हाऊसिंग बोर्ड के खाली पड़े फ्लैट्स एवं मकानों में कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को ठहराया जाएगा। राजधानी में आने वाले सभी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को नया रायपुर ले जाने के लिए एक बस बुलाई जाएगी। एयरपोर्ट के आसपास के सभी होटल बुक कर लिए गए हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी कोषाध्यक्ष पवन बंसल एवं राष्ट्रीय महामंत्री वेणुगोपाल भी स्थिति का जायजा ले चुके हैं। अलग-अलग समितियां भी गठित की गईं हैं ताकि सभी व्यवस्था को सफल बनाया जा सके। कांग्रेस के हाईकमान के अनुसार अब यहां पर पुरखौती मुक्तांगन के पास एक सभा का आयोजन किया जाएगा जिसे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्किार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी संबोधित करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने ठहरने, आने जाने एवं अन्य व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

# पुलिस और नक्सली मुठभेड़ एक ग्रामीण की मौत

**बीजापुर, 9 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सली मूवमेंट खत्म करने के लिए पुलिस लगातार कार्यवही कर रही है। बीते बुधवार को पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक ग्रामीण की मौत होने की खबर सामने आ रही है।जानकारी के मुताबिक, बीजापुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि, बीजापुर-सुकमा जिले के सरहदी इलाके गुंडम और छुटवाई के जंगलों में भारी संख्या में माओवादी मौजूद हैं। जिसके बाद डीआरजी,एसटीएफ और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम को मौके के लिए रवाना किया गया था। जैसे ही जवान जंगलों में पहुंचे वहां घात लगाकर बैठे माओवादियों ने जवानों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। हालांकि, समय रहते सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभाला। नक्सलियों की गोलियों का मुंहतोड़ जवाब दिया था। एएसपी चंद्रकांत गवर्णा ने बताया कि इस मुठभेड़ में सारे जवान सुरक्षित हैं। मौके से भारी मात्रा में सामान भी बरामद किया गया है। एएसपी ने ग्रामीण की मौत की बात को नकारा है। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ में ग्रामीण की मौत होने की जानकारी उन्हें नहीं है। मृतक का नाम पुनेम लखमू है जिसका शव गुंडेम गांव में ही रखा गया है।



# रविवि के नए कुलपति की तलाश

## कुलपति चयन के लिए पैनल का कार्यकाल बढ़ा

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 9 फरवरी।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के नए कुलपति का चयन आगामी माह कर लिया जाएगा। कुलपति चयन के लिए बनाए गए पैनल के कार्यकाल को बढ़ा दिया गया है। कुलपति का चयन को लेकर सियासत तेज हो गई है। राजभवन से मिली जानकारी के अनुसार रविशंकर विवि के कुलपति केसरी लाल वर्मा का कार्यकाल इसी माह समाप्त हो रहा है। नए कुलपति का चयन किया जाना है। इसके लिए एक पैनल बनाया गया है जिसमें झांसी के डॉ. दुबे, सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. दाबके एवं एक प्रशासनिक अधिकारी को शामिल किया गया है। पिछले कई दिनों से राजभवन और राज्य सरकार के बीच कुलपति चयन को लेकर विवाद चला आ रहा है। राज्यपाल के पास कुलपति की नियुक्ति को लेकर विशेष अधिकार है। कुशाभाऊ ठाकरे विवि में डॉ. बलदेव शर्मा और इंदिरा गांधी कृषि विवि में डॉ. गिरीश चंदेल की नियुक्ति राज्यपाल ने किया था। सत्तारूढ़ दल के लोग स्थानीय व्यक्ति को कुलपति बनाने के लिए दबाव डाल रहे हैं। नियमानुसार पैनल तीन व्यक्तियों का नाम प्रेषित करेगा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इसे अनुमोदित किया जाएगा इसके बाद राज्यपाल कोई अंतिम निर्णय लेंगी। राजभवन के सूत्रों के अनुसार रविशंकर विश्वविद्यालय के नए कुलपति के चयन हेतु बनाए गए पैनल का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। यह पैनल नामों की अनुशंसा चालू माह के अंत तक करेगा। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में राज्य सरकारों ने राज्यपाल से कुलपति के चयन का अधिकार छीन लिया है। छत्तीसगढ़ सरकार भी इस तरह की नीति बना रही है लेकिन इसे अमलीजामा नहीं पहनाया गया है।

**राज्यपाल गोवा रवाना**-राजभवन सूत्रों के अनुसार राज्यपाल अनुसुईया उइके आज गोवा में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए रवाना हो गई हैं। इसके पहले राज्यपाल दिल्ली, चंडीगढ़ की यात्रा का लौट चुकीं हैं। राजभवन और राज्य सरकार के बीच इस समय आरक्षण विधेयक को लेकर तनातनी चल रही है। मुख्यमंत्री निरंतर राज्यपाल पर हमला बोल रहे हैं। राज्यपाल का अभिभाषण तैयार हो रहा है। वे बजट सत्र के पहले दिन अभिभाषण देंगी।

# हिंडनबर्ग रिपोर्ट के खिलाफ सुनवाई के लिए सुको तैयार

**नई दिल्ली,9 फरवरी।** सुप्रीम कोर्ट हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट की जांच को लेकर दायर याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के लिए राजी हो गया है। याचिका में रिपोर्ट की जांच शीर्ष अदालत के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में कराए जाने की मांग की गई है। पीआईएल याचिकाकर्ता एडवोकेट विशाल तिवारी ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए आज मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला के समक्ष उल्लेख किया। मुख्य न्यायाधीश द्वारा यह पूछे जाने पर कि मामला क्या है, अधिवक्ता विशाल तिवारी ने कहा-ऐसी ही एक याचिका कल भी आ रही है। यह हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संबंधित है जिसने देश की छवि को धूमिल किया है और नुकसान पहुंचाया है। दूसरे मामले के साथ इस पर भी कल सुनवाई हो सकती है। तिवारी द्वारा दायर जनहित याचिका में हिंडबर्ग रिसर्च रिपोर्ट की सामग्री की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में एक समिति के गठन की मांग की गई है। सीजेआई ने अनुरोध पर सहमति व्यक्त की और जनहित याचिका को एक और के साथ टैग करने का निर्देश दिया जो कल (10 फरवरी 2023) को सूचीबद्ध है। विचाराधीन अन्य याचिका सीरियल वादी एडवोकेट एमएल शर्मा द्वारा दायर की गई है और 'शॉर्ट-सेलिंग' को धोखाधड़ी का अपराध घोषित करने की मांग करती है। उक्त याचिका हिंडनबर्ग के संस्थापक नाथन एंडरसन के खिलाफ जांच की मांग करती है, कृत्रिम क्रैशिंग की आड़ में शॉर्ट सेलिंग के माध्यम से निर्दोष निवेशकों का शोषण करने के लिए।

## एक नजर

### छुरिया नगर में खुलेआम चल रहा सट्टा, सट्टोरियो को पुलिस का भय नहीः सुशील कसेर



**छूरिया 9 फरवरी।** भाजपा युवा मोर्चा राजनांदगांव के जिला सोशल मीडिया प्रभारी ने कहा कि एक ओर जहां मजदूर काम से व पढे लिखे बेरोजगार युवा वर्ग नौकरी से परेशान है और वही दूसरी ओर सट्टा चलाने वाला खाईवाल और उनके एजेंट एक का अस्सी का लालच देकर छुरिया नगर में सक्रिय है ? जिससे हर वर्ग प्रभावित हो रहा हैं.भाजपा युवा मोर्चा राजनांदगांव के जिला सोशल मीडिया प्रभारी ने कहा कि विगत दिनो से लगातार जानकारी प्राप्त हो रही है नगर मे खुलेआम सट्टा का करोबार चल रहा है,सुशील कसेर ने कहा कि छत्तीसगढ़ मे जब से कांग्रेस की सरकार आई है तब से लगातार छत्तीसगढ़ मे अपराध बढा है साथ साथ जुआ सट्टा के अवैध कारोबार चरम सीमा पर है.जिस प्रकार से छुरिया नगर खुले आम सट्टा का कारोबार चल रहा जो पुलिस प्रशाशन पर कई सावलिया निशाना खडी करता है,कि आखिर किसके सरक्षण मे खुलेआम सट्टा शराब का करोबार चल रहा है और क्या पुलिस प्रशाशन को इसकी भनक तक नही है शहर का बन्दा नगर मे चला रहा है दाव लगवाने का धन्धा।

### छत्तीसगढ़ चेम्बर में विधिक सलाहकार समिति का गठन

**रायपुर 9 फरवरी।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड़ इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि चेम्बर, व्यापारिक संगठन एवं व्यापारीगण के हितों के लिये, विधिक सलाहकार समिति का गठन किया गया है जो कि समय= पर व्यापार एवं उद्योग के अधिनियमों से संबंधित शंकाओं का समाधान करेंगे एवं सुझाव देंगे। ÷विधिक सलाहकार समिति÷ (लीगल एवं टेक्नीकल टीम) में निम्न सलाहकार शामिल हैं- (1) आयकर - सी.ए. आर.बी. दोशी, सी.ए. साक्षी अग्रवाल, सी.ए. किशोर बरड़िया (2) वित्त एवं सब्सिडी - सी.ए. अंकुश गोलछा, सी.ए. रवि ग्वालानी (सह समन्वयक)(3) जीएसटी - सी.ए. मुकेश मोटवानी (सह समन्वयक), सी.ए. जितेंद्र खनूजा(4) आरओसी एवं जीएसटी - सी.एस. सतीश तवानिया, सी.एस. बृजेश अग्रवाल (5) वेट एवं जीएसटी- अधिवक्ता दयाल राजपाल, अधिवक्ता सुनील अग्रवाल, रायगढ़ (6) उपभोक्ता -अधिवक्ता राजेश भावनानी(7) भविष्य निधि (पीएफ)/कर्मचारी राज्य बीमा योजना (इएसआईसी)-खुशीकांत सोलंकी (8) विधिक - अधिवक्ता आनंद मोहन ठाकुर, अधिवक्ता रामू व्यास प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने उपरोक्त ÷विधिक सलाहकार समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए यह उम्मीद की है कि सभी सदस्य प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग के हित में कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ चेम्बर को एक नयी ऊचांईयों पर लेकर जायेंगे।

### संघर्षरत किसान नेता अनिल दुबे की रिहाई



**रायपुर 9 फरवरी।** विश्व धरोहर सिरपुर बचाने महासमुंद हाईवे स्थित खैरझिटी,कौंवाझर , मालिडीह के कृषि भूमि ,गरीबों का काबिल कास्त भूमि,आदिवासी भूमि,शासकीय भूमि में गैर कानूनी ढंग से करणी कृपा स्टील एवं पावर प्लांट लगाने के विरोध में क्षेत्र के 100 गाँवों के किसानों के द्वारा 25 फरवरी 2022 से चल रहे सत्याग्रह आंदोलनरत किसानों के पण्डाल को 4 फरवरी 2023 को उखाड़ा गया , किसान नेता अनिल दुबे को गिरफ्तार किया गया , धारा 151 लगाकर महासमुंद जेल भेजा गया । जिसे लेकर क्षेत्र के किसानों में आक्रोश और असन्तोष रहा , जिसके चलते किसान 7 फरवरी को महासमुंद कलेक्ट्रेट परिसर में धरने में बैठ कर किसान नेता अनिल दुबे की रिहाई की मांग करने लगे । आज 8 फरवरी को किसान नेता अनिल दुबे की रिहाई महासमुंद जेल से हो गयी । जेल के बाहर किसान परिवारों ने पहुंच कर अनिल दुबे के समर्थन में नारा लगाते हुए माला पहना कर उनका स्वागत किया । प्रदेश कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने आप को किसानों के हितैषी बताते हैं और दूसरी ओर महासमुंद के कलेक्टर , प्रशासनिक अधिकारी , ग्रामीण अंचल के किसानों के प्रजातांत्रिक आंदोलन को बलपूर्वक दमनकारी तरीको से समाप्त कराने के लिए किसान नेता अनिल दुबे की गिरफ्तारी करते हैं । भूपेश बघेल को आने वाले चुनाव में उसी क्षेत्र के किसान जवाब भी देंगे , आज कांग्रेस की सरकार महासमुंद के किसानों का साथ छोड़ कर करणी कृपा उद्योग पति के साथ खड़ी है ।

### प्रभु राम के सुमिरन से ही हो जाते हैं दुःख दूरः तारिणी नीलम

**अंवरी 9 फरवरी।** कुरूद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिरेझर, मुरा, अरौद, मंदरौद के अनेक धर्म रामायण रंगमंचों में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत धमतरी कृषि सभापति तारिणी नीलम चंद्राकर एवं अध्यक्षता करने कृषि उपज मंडी समिति कुरुद के अध्यक्ष नीलम चंद्राकर पहुँचक लोगों को धर्म के प्रति जागरूकता का संदेश दिया एवं विभिन्न मानस मंचों में शामिल हुए। इस दौरान तारिणी नीलम चंद्राकर ने कहा कि भगवान श्री राम जी के चरित्र को जिस प्रकार साधारण भाषा में तुलसीदास जी ने श्री रामचरित मानस में दर्शाया है वह अद्वितीय है हमें यह हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए की रामचरित मानस की बातों को हम अपने जीवन में उतार सकें इससे हमारे जीवन में जितनी भी समस्या, तनाव हों उन सबसे पार जाकर मन स्थिर करने का मार्ग मिलता है। साथ ही हम सब छत्तीसगढ़ के लोग भाग्यशाली हैं जो हमे छत्तीसगढ़ में जन्म मिला ये वो पावन धरती है जहाँ भगवान श्री राम का ननिहाल और उनके माता जी का मायका है और भगवान राम यहां के भांजे हैं।

# राइस मिल एसो. ने किया सीएम भूपेश बघेल का सम्मान

## छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन

**रायपुर 9 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का सम्मान कार्यक्रम होटल सायाजी,रायपुर में संपन्न हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेश बघेल जी ,अध्यक्षता श्री अमरजीत भगत जी, मंत्री खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग,ने की. विशिष्ट अतिथि श्री शिव कुमार डेहरिया जी, श्रम एवं नगरीय निकाय विभाग, विशिष्ट अतिथि श्री गिरीश देवांगन जी, चेयरमैन खनिज विकास निगम की गरिमामय उपस्थिति में मुख्यमंत्री जी एवं सभी अतिथियों का सम्मान अध्यक्ष श्री कैलाश रुंगटा, महासचिव श्री प्रमोद अग्रवाल



,कोषाध्यक्ष श्री रोशन चंद्राकर सहित प्रदेश के सभी जिलों से आए जिला राइस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं जिलों से आए राइस मिलर साथियों ने किया. प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रवक्ता परमानंद जैन ने बताया माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वह प्रदेश के सभी वर्गों से स्वयं बातचीत करते हैं ,उनकी समस्याओं को सुनते हैं, समझते हैं और फिर कोई नीतिगत निर्णय लेते हैं, जिससे कि समस्याओं का निराकरण भी हो जाए तथा सभी पक्षों को इस निर्णय से लाभ हो ,सबकी समृद्धि हो. इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि प्रदेश के मिलर्स को धान की मिलिंग की दर ?40 प्रति कुंटल, विगत 20 वर्षों से मिल रही थी, मिलर्स एसोसिएशन के साथ हमने चर्चा करके इसे ?120 किया जिसका सुखद परिणाम इस वर्ष सभी पक्षों में देखने को मिला है. इस वर्ष की 107 लाख मैट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी में से मात्र दो 2.90 लाख मैट्रिक टन संग्रहण केंद्रों में भेजना पड़ा.95 लाख मैट्रिक टन धान का समितियों से सीधा उठाव प्रदेश के राइस मिलर्स द्वारा मात्र तीन माह में ही कर लिया गया . इतनी बड़ी मात्रा में समितियों से धान का सीधा उठाव प्रदेश के मिलर्स की कार्य क्षमता तथा उनके उत्साह को प्रदर्शित करता है. व्यवसाय में लाभ की दशा में उनका उत्साह निश्चित ही बढ़ जाता है .धान के सीधे उठाव हो जाने से, भंडारण में नहीं जाने के कारण परिवहन, हमाली, सुखत,ब्याज, बरदाना,एवं वर्षा से नुकसान , आदि मद में होने वाले संभावित नुकसान से राज्य शासन को भी लगभग 1500 करोड की बचत होगी।

## आचार्य हरनारायण शर्मा धर्म शिरोमणि सम्मान से सम्मानित



**रायपुर 9 फरवरी।** मैत्री नगर स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा प्रवचन के पांचवे दिन भागवताचार्य पं हरनारायण शर्मा का सर्व ब्राह्मण समाज ने धर्म शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया । उक्त अवसर पर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा , महिला मंच के प्रदेश अध्यक्ष भारती अवतार शर्मा, प्रीति झा ममता मिश्रा, शोभा तिवारी व पदाधिकारियों ने कथा स्थल पर भगवताचार्य का शाल, श्रीफल तथा अभिनंदन पत्र वाचन कर धर्म शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया।

# जिला स्तरीय बिहान मेला का आयोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थरः मुदलियार

**राजनांदगांव 9 फरवरी।** जिला स्तरीय बिहान मेला का आयोजन आज सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम स्कूल मैदान में किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत आयोजित बिहान मेला में दिनभर रौनक रही तथा समूह की महिलाओं के हस्तनिर्मित उत्पादों को नगर वासियों का अच्छा प्रतिसाद मिला। सबने प्रशिक्षण के साथ ही एक दूसरे से अपने अनुभव साझा किये। बिहान मेला के माध्यम से समूह की महिलाओं को अपना हुनर दिखाने का अवसर मिला तथा उनके प्रोड्क्ट की बिक्री होने से वे बहुत खुश नजर आई। बिहान मेला में जिले भर की 90 स्वसहायता समूह की 207 महिलाएं शामिल हुई। जहां उनके 7 लाख 38 हजार 300 रूपए की राशि के वस्तुओं की बिक्री हुई। वहीं उन्हें व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए बैंक लिंकेज के माध्यम से 7 करोड़ 5 लाख 30 हजार रूपए ऋण की स्वीकृति प्राप्त हुई।

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र उदय मुदलियार ने दीप प्रज्जवलित कर बिहान मेला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी 4 विकासखंड में बिहान मेला आयोजन के बाद जिला स्तरीय बिहान मेला का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल महिला



सशक्तिकरण की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं, ऐसे में जिला प्रशासन की पहल पर आयोजित यह बिहान मेला मील का पत्थर है। समूह की महिलाएं लगन, समर्पण एवं कर्मठता के साथ व्यापक पैमाने पर कार्य कर रही हैं और एक सफल उद्यमी के रूप में उभर रहे हैं। शासन की सुराजी गांव योजना के तहत समूह की महिलाओं को जोड़ा गया है, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बन सके। शासन की योजना के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री के लिए सी-मार्ट प्रारंभ किया गया है। उन्होंने सभी से आव्हान किया कि मिसाल के रूप में कार्य करें। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने कहा कि विकासखंड स्तरीय बिहान मेला के आयोजन के बाद समूह की महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर को बढ़ाने तथा प्रशिक्षण एवं सीखने के लिए विभिन्न तरह के कार्य किए जा रहे हैं तथा उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिले में समूह की महिलाओं द्वारा विविध प्रकार के उत्पाद बनाए जा रहे हैं तथा इससे उन्हें आय अर्जित हो रही है। कुटीर उद्योग से जुड़कर उन्हें फायदा हो रहा है। सभी एक-दूसरे के अनुभवों को साझा करें और सीखें। खरीदी-बिक्री के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया गया है। बैंक लिंकेज के माध्यम से व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए उन्हें ऋण भी प्रदान किया जाएगा तथा समूह की महिलाओं को मार्केटिंग के गुर भी बताएं जाएंगे। सदस्य जिला पंचायत श्री अगेंश्वर देशमुख ने कहा कि बिहान मेला में महिलाएं पापड़, बड़ी, अचार जैसे खाद्य सामग्री बना रही हैं। बिहान आत्मनिर्भरता के लिए कार्य कर रही है। जनजागरूकता अभियान में भी समूह की महिलाओं की विशेष सहभागिता रहती है। सभापति श्री अशोक देवांगन ने इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार ने कहा कि कलेक्टर की परिकल्पना के अनुसार बिहान मेला का आयोजन विकासखंड स्तर पर किया गया तथा उनमें से 10 चयनित महिला स्वसहायता समूह तथा राजनांदगांव जिले के महिला स्वसहायता समूह को जोड़ते हुए जिला स्तरीय बिहान मेला का आयोजन किया जा रहा है।

# गीदम में शहीद वीर गुण्डाधुर की स्मृति में भूमकाल की 113 वीं वर्षगांठ मनाई गई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम 9 फरवरी।** शहीद वीर गुण्डाधुर की 113 वीं स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में राज्य के 15 जिलों से आदिवासी समाज के हजारों लोग व समाज एवं संघटन प्रमुख एवं पदाधिकारी गीदम के अटल आवास के समीप पहुँचे । यहाँ पहुचे लोगों ने वीर गुण्डाधुर के स्मृति में भूमकाल की 113 वी वर्षगांठ को उर्जापुर्ण तरीके से मनाकर महीने भर चलने वाले इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया । धुरवा समाज के जिला अध्यक्ष जयराम कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पहुंच कर जनजातीय समाज के भाई बहनों ने यह संदेश दे दिया है कि वे केंद्र सरकार और राज्य सरकार के छलावे में नही आएंगे और अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर की जनता को एन एम डी सी, मित्तल एवं अन्य कॉरपरेट ने वर्षो से बेवकूफ बनाया है , वे समय रहते सुधर जाये नही तो उन्हें बहुत बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कार्यक्रम में सरजू




टेकाम ने कहा कि पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन कार्यक्रम में ग्रामीणों को आने से रोक रही है , परिचय पत्र मांगे जाते है । गीदम में हुए इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से आये लोगो ने सुबह से ही सांस्कृतिक कार्यक्रमो के माध्यमो से अपनी संस्कृति से लोगो को रूबरू करवाया । शाम 4 बजे शहर में रैली निकाली गई इसके पश्चात हारम तिराहे में ग्रामीण एकत्रित हुए । समाज प्रमुखो द्वारा कई मुद्दों पर भाषण भी दिया गया और भविष्य में एक जुट होने को कहा गया । कार्यक्रम के पश्चात सभी समाज प्रमुखो ने एसडीएम दंतेवाड़ा को राष्ट्रपति के नाम अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धुरवा समाज के जिला अध्यक्ष जयराम कश्यप, अखिल आदिवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष कुंजाम, सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सरजू टेकाम, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष बोमड़ा राम कवासी, जिला सचिव सूदरु कुंजाम, जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष रघु मोडियामी, सयुंक्त किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुदेश टीकम, जन मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष जीत गुहानियोगी समेत बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से की कई विषयों पर चर्चा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 9 फरवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीणा द्वारा दिनांक 01.02.2023 को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव का पदभार ग्रहण करने पश्चात् आज दिनांक 08.02.2023 को जनसंवाद कक्ष पुलिस कंट्रोल रूम राजनांदगांव में स्थानीय प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रनिक मीडिया के पत्रकारों से रूबरू होकर अपना परिचय 2010 बैच के आई.पी.एस. के रूप में दिया साथ ही सभी




पत्रकारों से परिचय प्राप्त कर पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिले से संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा कि समाज के भले के लिए मीडिया अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, मीडिया द्वारा ही समाज में होने वाली घटनाओं की जानकारी मिलती है जिससे पुलिस को भी सहयोग मिलता है। पत्रकार बंधुओं द्वारा पुलिस को दिये गये आसूचना से दुर्घटना से पूर्व बचा जा सकता है अतः पुलिस एवं पत्रकारों का समनवय सदा बना रहे। परिचयात्मक बैठक में जिले के इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं प्रिन्ट मीडिया के करीबन 70 पत्रकारबंधु सम्मिलित हुए इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल भी उपस्थित थे।

## मातृ-पितृ पूजन दिवस का प्रचार

**रायपुर 9 फरवरी।** संत आशाराम बापू की प्रेरणा से साधक परिवार द्वारा 14 फरवरी मातृ-पितृ पूजन दिवस का शहर में प्रचार-प्रसार कर रहा है।मीडिया प्रभारी शोभराजमल ने जानकरी दी - 12 फरवरी को रावणभाठा मैदान भाठागांव में शाम 4 बजे से मातृ-पितृ पूजन दिवस आयोजन व 14 फरवरी को मरीन ड्राईव तेलीबांधा में शाम 4 से रात्रि 10 बजे तक आयोजन किया जायेगा। जिसमें बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। इस आयोजन में सिंधी समाज के वरिष्ठ शंकर लाल दानवानी साधक परिवार के अजय शर्मा, हरेश गोविंदनी, शाभराजमल, उमाशंकर साहू, डी.डी. साहू शंकर लाल प्रेमचंदानी, एस.एल श्रीमाली, राजू चांदवानी, सीताराम सोनी व सेवाधारी उपस्थित थे।




## बैटरी चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चारामा 9 फरवरी।** चारामा पुलिस ने बैटरी चोरी के एक आरोपी यशवंत उईके उर्फ मक्खी को गिरफ्तार किया है आरोपी नगर के वार्ड नंबर 9 का निवासी बताया जा रहा है जिसने 6 फरवरी को रात्रि के समय सब्जी मंडी के सामने खड़ी मेटाडोर वाहन की बैटरी चोरी की थी । 6 फरवरी को ही प्रार्थी सुरेश सोनकर पिता जागेश्वर सोनकर के द्वारा बैटरी चोरी की शिकायत चारामा थाने में की गई थी जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक कांकेर शलभ सिन्हा के विशेष निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एसडीओपी डी.आर.टंडन के मार्ग दर्शन में चारामा थाना प्रभारी निरीक्षक नितिन तिवारी के दिशा निर्देश पर सहायक उप निरीक्षक टीकम सोने के साथ थाना चारामा से पुलिस टीम गठित कर बैटरी चोरी के आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली ।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 24/2023 भादवि की धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय कांकेर पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है ।वहीं चारामा पुलिस द्वारा चोरी के दो अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है ।



# प्रत्येक नागरिक को मिले समानता का अधिकार, यही है राहुल की मंशा:कुलबीर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 9 फरवरी।** साम्प्रदायिकता, कट्टरता, सामाजिक असमानता महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस के शीर्षनेतृत्व के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस के निर्देशन व शहर कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन एवं उत्तर ब्लॉक के नेतृत्व में वार्ड 33 लखोली कंचनबाग, राजीव नगर में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में वार्डवासी व कांग्रेस जन शामिल हुए। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मोहन मरकाम जी के आदेशानुसार व शहर जिला कांग्रेस प्रभारी श्री अरूण सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार छग अंत्याव्यवसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं हाथ से हाथ जोड़ो



यात्रा के प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त राजनांदगांव शहर प्रभारी श्री धनेश पाटिला, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन व उत्तर ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी श्रीमती शारदा तिवारी के सानिध्य व उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली के नेतृत्व में लखोली वार्ड 33 एवं 35 में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकली। यात्रा राजीव नगर बजरंगबली मंदिर से निकली जो कुंआ चैक होते हुए बैगापारा, सतनाम भवन से अटल आवास कालोनी होते हुए कर्मा भवन में यात्रा का समापन हुआ। यात्रा लगभग 11 किलोमीटर वार्डवासियों से जनसंवाद करते हुए चली। यात्रा में पार्षद श्रीमती दुलारी साहू, दीनू साहू, योगेश साहू, राकेश डेकाटे, रवि साहू की सक्रिय भूमिका रही।यात्रा के दौरान वार्डवासियों से जनसंवाद करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि केन्द्र में बैठी मोदी सरकार लगातार महंगाई बढ़ा रही है आज बच्चों के पेंसिल तक में जीएसटी जोड़ रही है। लोगों का जीना मुश्किल कर दिया गया है वहीं चंद पूजीपति मित्रों को केंद्र सरकार आगे बढ़ा रही है। इन मुद्दों को लेकर माननीय राहुल गांधी जी लगातार विरोध कर रहे हैं और देश में एकता रहे इस उद्देश्य को लेकर भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई और इन बातों को लेकर उनके संदेश पत्र के माध्यम लोगों को जागरूक कर रहे है।

## निःशुल्क इलेक्ट्रो होमियोपैथी चिकित्सा शिविर संपन्न

**अंवरी 9 फरवरी।** दो दिवसीय इलेक्ट्रो होमियोपैथी का शुभारम्भ दिन -शनिवार को डॉ बी. एल. साहू इलेक्ट्रो होमियोपैथी विशेषज्ञ कसारीडीह दुर्ग एवं डॉ अनिल गजपाल गोकुलपुर धमतरी के करकमलो से ग्राम -डोमा (गुजरा )धमतरी में हुआ. इस शिविर में पेड़ -पौधो के रस से निर्मित इलेक्ट्रो होमियोपैथी चिकित्सा पैथी दवाईयो तथा कम्प्रेस द्वारा 140 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ लिये. इस शिविर में डॉ कैलाश चंद्राकर भखारा, डॉ संतोष बनपेला भखारा, डॉ चंद्रशेखर साहू भेंड्रा, डॉ संजय साहू कोर्रा, डॉ नारायण साहू दुर्ग आदि की सहभागिता रही.इस शिविर का आयोजन स्व. पवन महामल्ला की पुण्य स्मृति में उसके परिजन देवेंद्र महामल्ला (प्रधानपाठक ), टिकेश्वर महामल्ला, योगेश महामल्ला द्वारा किया गया जिसका दिन -रविवार को समापन किया गया ।

## राजनांदगांव जिला हॉकी की नर्सरी के रूप में प्रसिद्ध

# 79वीं अखिल भारतीय हॉकी स्पर्धा का स्टेडियम में हुआ शुभारंभ

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 9 फरवरी।** 79वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आज अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम श्री धनेश पाटिला ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम श्री धनेश पाटिला एवं छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र उदय मुदलियार ने महंत राजा सर्वेश्वर दास एवं मेजर ध्यानचंद के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम श्री धनेश पाटिला ने अपने उद्बोधन में कहा कि परंपरा के अनुसार राजनांदगांव जिले में अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आज शुभारंभ किया गया है। दिग्विजय स्टेडियम समिति तथा आयोजन समिति के तत्वावधान में चुनौतियों के बावजूद कार्यक्रम आयोजित




किया गया है। राजनांदगांव जिला हॉकी की नर्सरी के रूप में प्रसिद्ध है। जीवन में खेलों का बहुत महत्व है। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए यह बहुत अच्छा है। पहले यह आयोजन जनसहयोग से होता था, बाद में शासन द्वारा इस आयोजन के लिए सहयोग दिया जा रहा है। इस भव्य एवं शानदार आयोजन में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने सभी को इस आयोजन के लिए बधाई दी।

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र उदय मुदलियार ने कहा कि राजनांदगांव जिले की हॉकी और झांकी बहुत प्रसिद्ध है। आज से 9 दिवसीय इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को अपने खेल का जौहर दिखाने का मौका मिलेगा। जिलेवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई है। इसके लिए उन्होंने आयोजन समिति को बधाई दी। स्वागत उद्बोधन में प्रभारी अधिकारी आयोजन समिति श्री खेमलाल वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द टूर्नामेंट भी घोषित किए जाएंगे। हॉकी की प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों में उत्साह है। इस अवसर पर अतिथियों ने नवल टाटा जमशेदपुर विरूद्ध रिपब्लिकन मुम्बई की टीम से परिचय प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 संक्रमण के कारण विगत दो वर्ष से प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हो पाया था। इस वर्ष आयोजन होने से नगर वासियों में खुशी एवं उत्साह है। दर्शकों ने हॉकी के रोमांचक मैच का आनंद लिया। उपाध्यक्ष राज्य गौ सेवा आयोग श्री मन्नालाल यादव, सदस्य संचालक मंडल राज्य सहकारी मत्स्य महासंघ मर्यादित श्री संवलूराम निषाद, सदस्य छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग श्री किशन खण्डेलवाल, डायरेक्टर श्री अशोक पंजवानी, सदस्य छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल श्री वीरेन्द्र चौहान, सदस्य छत्तीसगढ़ ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद श्री पदम कोठारी, अध्यक्ष नगर पालिक निगम राजनांदगांव श्री हरिनारायण धकेता, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी श्री फिरोज अंसारी, पूर्व महापौर श्री सुदेश देशमुख एवं कलेक्टर श्री डोमन सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, एसडीएम श्री अरूण वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## रोड की मरम्मत के लिए कांग्रेसजनों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव 9 फरवरी।** हल्दी से सुरगी मार्ग अंत्यंत ही जर्जर और गढ़्ढानुमा हो चुका है। जिसके कारण आए दिन मोटर-साइकिल व चार पहिया वाहनों से दुर्घटना का शिकार हो रहा हैं इसी तरह सड़क पूरी तरह उधड़ चुका है जिसके कारण वाहन चलने पर धूल का गुब्बार उड़ रहा है। जिसके कारण आसपास के गांववासियों को काफी दिक्कत व परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसको लेकर कांग्रेसजनों द्वारा मंगलवार 07 फरवरी को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर जनचैपाल में ज्ञापन सौंपकर तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की मांग रखी। ज्ञात हो कि कांग्रेसजनों ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि विगत दिनों भेट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल जी को ग्रामवासियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर सड़क की मरम्मत की मांग की थी। जिस पर मुख्यमंत्री कार्यालय से ज्ञापन क्रमांक 2932/कार्य/2022/राजनांदगांव दिनांक 20.12.2022 को पत्र जारी हो चुका है जिस पर ग्राम हल्दी सड़क निर्माण हेतु कार्य का राशि 1810.73 लाख का प्राक्कलन प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग नवा रायपुर के पत्र क्र 1773/कार्य/10-124 दिनांक 26.06.2022 द्वारा शासन को प्रेषित किया गया है। प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने पर अग्रत्तर कार्यवाही की जाएगी पत्र जारी हो चुका है। किन्तु अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो पाया है। वहीं कांग्रेसजनों द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है जो गांव-गांव में पहुंचकर शासन की योजनाओं का बखान किया जा रहा है। इसी क्रम में गांववासियों द्वारा हम कांग्रेसजनों को हल्दी से सुरगी मार्ग मरम्मत कराने की मांग की जा रही है।



## संपादकीय

# राहुल गांधी का पीएम मोदी पर आरोप

संसद की परंपरा है तो उसका पालन हर सांसद को करना चाहिए। इससे संसद का संचालन सुचारु रूप से होता है। पिछले कई सालों से विपक्ष संसद को सुचारु रूप से संचालन करने में जैसा सहयोग करना चाहिए नहीं कर रहा है। इससे संसद में जो काम रोज होना चाहिए।वह काम कई दिनों तक नहीं होता है। विपक्षी दलों के सासंदों के किसी मुद्दे को लेकर उस पर पहले चर्चा की मांग की जाती है फिर हंगाम किया जाता है तथा संसद सत्र चलने नहीं दिया जाता है। सरकार अपनी जगह सही है कि पहले राष्ट्रपति के भाषण पर चचाई हो उसके बाद विपक्ष के उठाए मुद्दे पर चर्चा हो। चार दिन बाद संसद में राष्ट्रपति के भाषण पर बहस का शुरू हो सकी। राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के भाषम की जगह अडानी के मुद्दे पर जी भर कर बोले, कई तरह के आरोप लगाए, लेकिन जब कहा गया कि सबूत कहां है तो उन्होंने कहा कि सबूत है बाद में पेश किया जाएगा। आम तोर पर कोई सासंद संसद में कोई गंभीर आरोप लगाता है तो वह कोई तथ्य तो रखता है। राहुल गांधी संसद के बाहर तो कहते रहे हैं कि यह सरकार अंबानी व अडानी की सरकार है। पहली बार राहुल गांधी ने संसद में सवाल उठाया कि 2014 में अडानी दुनिया के अमीरो में 609 नंबर पर थे, मोदी के आठ साल में वह दूसरे नंबर पर कैसे पहुंच गए। राहुल गांधी का आरोप था कि मोदी ने सहयोक किया इसलिए अडानी देश ही नहीं विदेशों में काम पा सके और दूसरे नंबर के अमीर बन गए। अडानी ने तो पहले की कह दिया है कि उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया है। उन्गें कई सरकाारों के समय उनकी नीति के कारण आगे बढ़ने का मौका मिला है, उनमें मोदी सरकार भी एक सरकार है। उनकी तरक्की में कांग्रेस सरकारों का सहयोग रहा है। ऐसा नहीं होता है कि कोई सरकार किसी एक उद्योगपति के लिए कोई नीति नियम बनाती है, वह निीति नियम बनाती है तथा कई उद्योगपतियों को उसका फायदा होता है किसी एक उद्योगपति को ज्यादा फायदा हो जाता है। अडानी ऐसे ही उद्योगपति है, अंबानी ऐसे ही उद्योगपति हैं। कई लोग तो राहुल गांधी की तरह यह सवाल भी उठा सकते हैं कि धीरू भाई अंबानी तो पेट्रोल पंप पर काम करते थे, वह कांग्रेस के समय कैसे देश के नंबर उद्योगपति बन गए। जैसे अंबानी अपनी दूरदर्शिता, कड़ी मेहनत ने मामूली आंदमी से नंबर वन उद्योगपति बने, उसी तरह अडानी भी बने हैं। सरकार की नीति का फायदा अंबानी ने उठाया तो अडानी ने भी उठााय। राहुल गांधी का पक्षपात का आरोप इस आधार पर भी सही नही माना जा सकता कि किसी सरकार के कारण ही कोई उद्योगपति दुनिया का नंबर दो उद्योगपति बन सकता है। ऐपल, गुगल,अमेजान आदि कई कंपनियां है, जो पहले कुछ भी नहीं थी लेकिन कुछ ही सालों में उन्होंने बहुत तरक्की है तो अपनी योग्यता के कारण। इनसे मोदी का नाम नहीं जोड़ा जा सकता इसलिए इन कंपनियों की तरक्की किसी को बुरी नहीं लगती है। इनके नाम का उपयोग कर भारतीय राजनीति में किसी दल को कोई फायदा नहीं होगा इसलिए इन कंपनियों का नाम कोई नहीं लेता है। यह कहना भी ठीक नहीं है कि मोदी को सब काम पीएम मोदी ने दिलाया है। हकीकत यह है कि अडानी ने ज्यादा पैसे के टेंडर भरकर काम हासिल किया है। एक कंपनी का नाम लेकर राहुल गांधी ने कहा कि उसे डरा कर शेयर बेचने के लिए मजबूर कर दिया। उससे छीन कर एयरपोर्ट अडानी को दे दिया गया, हकीकत यह है कि अडानी ने तो उससे शेयर खरीदे थे। राहुल गांधी के बयान के बाद कंपनी ने राहुल गांधी के दावे को खारिज कर दिया कि शेयर बेचने के लिए कंपनी पर किसी तरह का दवाब डाला गया था,इससे तो साबित होता है कि राहुल गांधी ने संसद में झूठ बोला है। राहुल गांधी जानते हैं कि मोदी को तब तक नहीं हराया जा सकता जब तक पीएम मोदी अन्य राजनीतिक नेताओं की तरह भ्रष्टाचार करने वाला, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला साबित नहीं कर दिया जाता। राहुल गाधी सिर्फ आरोप लगाते रहे हैं, वह कोई आरोप आज तक साबित नहीं कर सके है। यही वजह है कि वह हर चुनाव में मोदी से हार जाते हैं। मोदी की ईमानदारी पर पहले भी कोई शक नहीं करता था आज भी कोई शक नहीं किया जा सकता।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज आपका दिन आपके लिए उत्तम है। सभी काम आपके मन मुताबिक पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर वरिष्ठ आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। छात्रों को अपनी पढ़ाई में बदलाव करने के लिए समय-सारिणी में बदवाल करने की जरूरत है। आप अपने करियर को लेकर थोड़ा परेशान होंगे। आपकी मुलाकात या बात किसी पुराने मित्र से हो सकती है, जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद होगी।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)**-आज आपका दिन उत्तम रहेगा । सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। आपका कला के क्षेत्र की तरफ रुझान बढ़ेगा। आपको व्यापार से लाभ तो होगा, लेकिन आपके घर के खर्चों में वृद्धि भी होगी। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। दूसरों के मामलों में दखल ना दें, आवश्यकता पड़ने पर ही अपनी राय दें।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। अगर आप नौकरी कर रहें तो ट्रांसफर किसी ऐसे स्थान पर हो सकता है, जहां से आना जाना करने में आपको आसानी होगी। हो सके तो उधार के लेन-देन से बचें। आपको व्यापार में धनलाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है। ऑफिस में आज कुछ सहकर्मी आपके काम को लेकर आपका सपोर्ट करेंगे।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज आपका दिन परिवार के साथ बीतेगा। पारिवारिक कार्यो को करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आपका समय बच्चों के साथ अधिक बीतेगा साथ ही उनको कुछ अच्छा सिखा भी सकते है। कोई मित्र आपसे मिलने आ सकता है। मित्र से निजी समस्यायों को शेयर करने से मन का बोझ हल्का होगा। प्रेमी के लिए दिन बढ़िया है।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। यात्रा हो सकती है जो किसी भी काम से सम्बन्धित हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दोस्त/रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहेगा। कम्पटीटिव एग्जाम से सम्बंधित कोई अच्छा समाचार आपको मिल सकता है। प्रेमी के लिए दिन बढ़िया है।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी कार्य को पूरा करने के लिए योजना बना सकते हो। अपने व्यापार को लेकर मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। दाम्पत्य संबंध मधुरता से भरपूर रहेगा। आपकी उलझने कम हो सकती हैं। प्रेमी के लिए दिन अनुकूल है। इंजीनियर्स के लिए दिन अच्छा रहेगा, किसी कम्पनी से जॉब के ईमेल आ सकती है। आपकी सेहत अच्छी रहेगी।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। व्यापार में लाभ होगा जिससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आप किसी दोस्त की मदद करने के लिए उसके घर जा सकते हैं। ऑफिस में काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते हैं। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। राजनीतिक और सामजिक कार्यों से जुड़े लोगो की तारीफ हो सकती है।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे तो आपके भविष्य के लिए पैसे इकट्ठे होने में आसानी होगी। आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। सरकारी ऑफिस में काम करने वालों का आज प्रमोशन हो सकता है।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा, ऑनलाइन क्लास से कुछ नया सीखने को मिलेगा। परिवार ने एकता का माहौल रहेगा किसी कार्य को लेकर सब एक मत हो सकते है। जीवनसाथी को कुछ अच्छा सा उपहार दे सकते हैं, रिश्ता और भी मधुर होगा। जो लोग ऑफिस का काम घर से कर रहे हैं उनको अपने काम पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज आपका दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है, बेहतर होगा कि किसी भी बात पर गुस्सा करने से बचें। पॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन शुभ है। कलात्मक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। पढ़ाई में छात्रों के लिए यह समय जी-जान लगाकर पढ़ने का है।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज आपका दिन आपके लिए लाभप्रद रहने वाला है। आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। आपने जीवनसाथी पर भरोसा बनाये रखें। आप जितना हो सके दूसरों की राय लेकर ही किसी कार्य की शुरूआत करें सफलता मिलनी तय है। ऑफिस में आपको सावधानी बरतने की आवश्यकता है। छात्रों के लिए दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा हो सकता है,

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का दिन अच्छा है, आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। आपकी सोच में सकारात्मकता आयेगी। महिलाएं शॉपिंग करते समय खुद को थोड़ा काबू में रखें खर्च बढ़ सकता है। थिएटर से जुड़े लोगों के लिये दिन बढ़िया है, आपके काम की तारीफ होगी। इस राशि के विवाहितों के लिए दिन बढ़िया रहेगा।

# अमृत की राह में बड़ा रोड़ा है भ्रष्टाचार

**राजनीति**

**ललित गर्ग**

नरेन्द्र मोदी शासन के जिम्मेदारी भरे बजट-2023 ने समावेशी आर्थिक समृद्धि और वैश्विक महत्वाकांक्षा के साथ उस 'नए भारत' की नींव रखी है, जो अपनी स्वाधीनता के सौवें वर्ष में साकार होगा। यह बजट 'अमृत काल' को सबसे अच्छे ढंग से रेखांकित करता है। निश्चित ही सरकार की नजर अमृतकाल पर है। उसी दृष्टि से रणनीतियां एवं योजनाएं बन रही है। पिछले वर्ष भी अमृतकाल बजट चर्चा के केन्द्र में था। भारत का केन्द्रीय बजट एवं मोदी सरकार की नीतियां भी बहुत हद तक साल 2047 को लक्ष्य करके बनायी जा रही है। उस समय तक भारत को दुनिया का एक विकसित देश बना देने का विचार है, लेकिन इस लक्ष्य को प्राप्त करने की सबसे बड़ी बाधा है अनियंत्रित भ्रष्टाचार।भ्रष्टाचार मुक्त नौकरशाही बनाना अत्यावश्यक है क्योंकि नौकरशाही देश के विकास के कार्यों को प्रचालित करने में मेरुदंड का कार्य करती है साथ ही सुदृढ़ समाज की स्थापना भी करती है। अधिकारियों को सार्वजनिक जीवन में शुचिता के मापदंडों पर खरा उतरने के लिए पूरे प्रयास करने चाहिए। भारत के वरिष्ठ नौकरशाह और चीफ विजिलेंस कमिश्नर रहे एन विट्ठल ने कहा था कि राजनीतिज्ञों से ज्यादा नौकरशाह भ्रष्ट हैं, क्योंकि राजनेताओं को तो जनता एक समय बाद हटा सकती है, लेकिन नौकरशाह पूरी सेवा काल तक भ्रष्टाचार करता रहता है। काफी हद तक यह सही भी प्रतीत होता है, क्योंकि राजनेता पर प्रत्येक पांच वर्ष बाद चुने जाने का दबाव होता है, जो नौकरशाह पर नहीं होता है।आजादी का अमृत महोत्सव मना चुके राष्ट्र में अपेक्षित विकास न हो पाने के कारणों पर आकलन किया जाये तो भ्रष्टाचार सर्वोपरि है। भ्रष्टाचार के कारण एक तो कुछ ही लोगों के पास धन एकत्रित होता है, साथ ही बाजार में कृत्रिम वृद्धि लाता है जिससे वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि होती है और वस्तुएं गरीब व्यक्ति की पहुँच से बाहर हो जाती हैं। भारत विश्व में तेजी से उभरती हुयी अर्थव्यवस्था है। लेकिन भारत में काला धन और भ्रष्टाचार एक गंभीर समस्या है। वस्तुतः कालाधन अघोषित आय है जिस पर टैक्स की देनदारी बनती है लेकिन उसकी जानकारी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को नहीं दी जाती। काले धन के उत्पन्न होने के कई कारण हैं जैसे स्मगलिंग, पोचिंग ड्रग्स, घोटाले, जालसाजी, भ्रष्टाचार आदि से काला धन उत्पन्न होता है। काले धन के कारण भारत में समानांतर अर्थव्यवस्था खड़ी है, जो भारत के समावेशी विकास में बाधा है। काले धन के कारण ही इस उभरती हुई अर्थव्यस्था में भ्रष्टाचार एक गंभीर मुद्दा है।

नरेन्द्र मोदी ने सबसे पहले देश के प्रधानमंत्री बनते ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संकल्प लिया। उन्होंने न खाऊंगा और न खाने दूंगा का शंखनाद किया, उनके दो बार के प्रधानमंत्री के कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण पाने के लिये अनेक कठोर कदम उठाये गये है और उसके परिणाम भी देखने को मिले हैं, लेकिन भ्रष्टाचार फिर भी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। भ्रष्टाचार की जटिल से जटिल होती स्थितियों को देखते हुए ही केंद्रीय सतर्कता आयोग ने हाल ही में सरकारी संस्थानों, मंत्रालयों और नागरिकों के लिए छह बिंदुओं का सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र जारी किया, जिसमें उनसे भ्रष्टाचार मुक्त भारत की संकल्पना के साथ जुड़ने का आह्वान किया गया है। प्रतिज्ञा पत्र को आयोग ने भ्रष्टाचार मुक्त देश के लिए विशेष अभियान के तौर पर पेश किया है। राष्ट्र में भ्रष्टाचार के विरुद्ध समय-समय पर ऐसी क्रांतियां एवं प्रशासनिक उपक्रम होते रहे हैं। लेकिन उनका लक्ष्य, साधन और उद्देश्य शुद्ध न रहने से उनका दीर्घकालिक परिणाम संदिग्ध रहा है। प्रश्न है कि बजट हो या सरकार के संकल्प, या फिर सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र क्या इनका हश्र ढाक के तीन पात ही होना है? अमृत की राह में भ्रष्टाचार बड़ा रोड़ा है, देश को भ्रष्टाचार मुक्त करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी ही चाहिए। हमारे देश में भ्रष्टाचार नियंत्रण के लिए समय-समय पर प्रशासनिक सुधार पर बल दिया जाता रहा है। अनेक समितियां बनाई गयी, जिनकी रिपोर्ट में प्रशासनिक सुधार के महत्वपूर्ण बिंदुओं को स्पष्ट सुझाया गया, जिसमें नौकरशाही को पारदर्शी, जवाबदेह तथा मजबूत बनाया जा सके। इसी उद्देश्य से वर्ष 2005 में सूचना का अधिकार भी लाया गया, जिसमें जनता, सरकारी कार्यों में सहभागिता को निर्धारित कर सके और जनता तथा सरकार के बीच नजदीकियां बढ़ें, ताकि पारदर्शिता को बढ़ावा मिल सके और भ्रष्टाचार कम हो सके। सरकारी कार्यों में यदि जनता का हस्तक्षेप होगा, तो निश्चित तौर पर भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया जा सकेगा, लेकिन भारत में नागरिक समाज की कमी एवं उदासीनता के कारण लोग मात्र अपने अधिकारों की अपेक्षा करते हैं, कर्तव्यों को तरजीह नहीं देते। इसी कारण लोग आरटीआइ का उपयोग निजी हित तथा दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए करने लगे जिससे आरटीआइ भी अपने लक्ष्यों से भटक गयी। सुशासन की अवधारणा भी भारत में अधूरी ही रही है, क्योंकि सुशासन का अर्थ ही यही है कि सरकार के कार्यों को कम करने के लिए लोगों की सहभागिता, लेकिन नागरिक समाज की कमी, उपेक्षा एवं उदासीनता उद्देश्यों को पूर्ण करने में बाधा बन रही है।

भ्रष्टाचार ने तो भारत की शिक्षा व्यवस्था को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। जैसे उच्च शिक्षा मेडिकल, इंजीनियरिंग आदि में भ्रष्टाचार के कारण देश में कुशल डॉक्टरों और इंजीनियरों के अभाव से देश को गुजरना पड़ रहा है। डॉक्टरों की अकुशलता के कारण मरीजों का कई बार सही इलाज न होने के कारण प्राण संकट में पड़ जाता है। अर्थात पैसे के बल पर ये लोग मेडिकल कालेजों में प्रवेश पाते हैं जो उसके योग्य होते ही नहीं हैं। इस तरह स्वास्थ्य व्यवस्था के साथ खिलवाड़ जघन्य अपराध है। भ्रष्टाचार के कारण ही मकान, जमीन, उच्च शिक्षा और ऐसी अनेक वस्तुओं के मूल्य में कृत्रिम वृद्धि होने के कारण देश की बहुत बड़ी आबादी इन वस्तुओं तक अपनी पहुँच बनाने में असमर्थ होती है। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार भ्रष्टाचार के माध्यम से जमा किया गया काला धन बेनामी संपत्ति को बढ़ाने के साथ साथ हवाला कारोबार को भी बल देता है। ऐसा प्रमाण है कि हवाला का उपयोग आतंकवादियों ने हथियारों की ख़रीद फरोख़्त में किया है। इसलिये देश को भ्रष्टाचार और काले धन नामक दीमक से मुक्त कराने हेतु कठोर कदम उठाए गये हैं।

भ्रष्टाचार को बलशाली बनाती है रिश्वत। रिश्वत एक नासूर है। रिश्वत देने वाला काम जल्दी होने की उम्मीद में रिश्वत दे रहा है। लेने वाला काम करने के बदले रिश्वत ले रहा है। यानी भ्रष्ट-व्यवस्था कायम हैं। काम में विलम्ब या आम आदमी को परेशान करना- यह भ्रष्टाचार को पोषित करने की जमीन है। भले ही अपेक्षित सारे काम करना सरकारी कर्मचारी-अधिकारी की जिम्मेदारी हो, फिर भी भ्रष्टाचार को शिष्टाचार एवं रिश्वत को एक तरह से सुविधा शुल्क मान लिया गया है और इसके लेन-देन को लेकर कहीं कोई अपराध बोध नहीं दिखाई देता। ऐसे में सवाल यही है कि आखिर इस भ्रष्टाचार को खत्म कैसे किया जाए? क्या सिर्फ इस तरह के बजट-प्रावधान, सरकारी संकल्पों, प्रतिज्ञा पत्र से भ्रष्टाचार दूर होगा? असल में जरूरत है नीचे से लेकर ऊपर तक सुधार करने की। नीचे का व्यक्ति तभी सुधर सकता है, जब ऊपर बैठा हुआ व्यक्ति भी उस सुधार के लिए प्रेरित हो और भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़ा हो।

आजकल राष्ट्र में थोड़े-थोड़े अन्तराल के बाद ऐसे-ऐसे घोटाले, आर्थिक काण्ड, प्रशासनिक रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार के किस्से उद्घाटित हो रहे हैं कि अन्य सारे समाचार दूसरे नम्बर पर आ जाते हैं। पुरानी कहावत तो यह है कि ÷सच जब तक जूतियां पहनता है, झूठ पूरे नगर का चक्कर लगा आता है।÷ भ्रष्टाचार देश में अगर बढ़ रहा है, तो किसकी जिम्मेदारी बनती है? भ्रष्टाचार को कौन खत्म करेगा? आजादी के 75वें साल में इस सवाल का उठना अपने आप में गंभीर बात है। इसीलिये आजादी के अमृत स्वप्न में भ्रष्टाचार से मुक्ति भी शामिल है। आज भ्रष्टाचार पर प्रधानमंत्री अगर चिंता जता रहे हैं, तो देश अच्छी तरह से वस्तुस्थिति को समझ रहा है। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा है कि किसी के पास रहने को जगह नहीं और किसी के पास चोरी का माल रखने की जगह नहीं है।

# महात्मा फुले : युयुत्सु महानायक

**पुण्य स्मरण**

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

यूं तो वह उपेक्षित-तिरस्कृत और अंत्यज समाज में जनमे थे, अलबत्ता उन्होंने अपने क्रांतिकारी आचार-विचार से 'महात्मा' की उपाधि पाई। सड़ी-गली मान्यताओं, अंधविश्वासों और लांछनों को नतशिर होकर स्वीकार करने के विपरीत वह असमानता, शोषण और प्रताड़ना के खिलाफ जूझते रहे। उन्होंने अपने जीवन को अकारण नहीं जाने दिया। उन्होंने सुधार और परिवर्तन की साहसिक शुरूआत अपने घर से की और पत्नी को लिखना-पढ़ना सिखाया। उन्होंने पहली कन्या पाठशाला खोली। अस्पृश्यता के विरुद्ध मुहिम छेड़ी और पुरोहितों तथा पाखंडियों से लोहा लिया। उन्होंने शब्दों को हथियार बनाया और विद्रोह का शंखनाद किया।

अंत्यजों को पहलेपहल दलित की संज्ञा देने और शूद्रों के उत्थान के लिए प्राणपण से संघर्षशील इस योद्धा का नाम था ज्योतिराव गोविंदराव फुले यानी ज्योतिबा फुले। उनका जन्म 11 अप्रैल, सन् 1827 को बाम्बे प्रेसीडेंसी में पेशवाओं की नगरी पुणे में हुआ था। शूद्रों में परिगणित माली समाज में जन्म लेने के कारण वह शूद्रों की पीड़ा और मनोभावों से बखूबी परिचित थे। माली समुदाय परंपरागत तौर पर फूलों और तरकारियों को उगाने के व्यवसाय से जुड़ा हुआ था। ज्योतिबा के पुरखों के पुणे आने का वृत्तांत बड़ा रोचक है। उनके पूर्वज सातारा के समीप काटगन गांव में रहते थे। उनका कुलनाम था गोढ़े। ज्योतिबा के प्रपितामह जो गांव में छोटे दर्जे के ओहदेदार (चौघुला) थे, आजीविका के फेर में पुणे में खानवाड़ी चले आये थे। वहां उन्होंने फूलों के एख व्यवसायी की शरण ली, जिसने उन्हें कारोबार के गुर सिखाये। नये व्यवसाय ने परिवार को नया कुल नाम दिया फुले। देखते-देखते फुले-परिवार फूलों से मालाएं, गजरे, चटाइयां, आभूषण और सजावटी कलाकृतियां बनाने में इतना दक्ष हो गया कि उसकी ख्याति पेशवा तक पहुंची। फूलों के हुनर ने पेशवा का दिल जीत लिया। शाही प्रसंगों और रीति रिवाज में फुले परिवार की पूथ-परख होने लगी। पेशवा बाजीराव द्वितीय ने बतौर ईनाम फुले परिवार को 35 एकड़ जमीन बिना कर के अता की। बड़े भाई ने संपत्ति की देखभाल की जिम्मेदारी संभाली और फूलों की खेती और व्यवसाय का दायित्व छोटे भाई गोविंदराव के कांधे पड़ा। इन्हीं गोविंदराव ने चिमनाबाई से शादी की। चिमनाबाई ने दो संतानों को जन्म दिया। इनमें छोटे थे ज्योति, जिन्होंने 19वीं शती के उत्तरार्द्ध में अपने साहसिक नवाचार से बड़ा नाम कमाया।

माली-परिवार ने बतौर फुले परिवार पुणे में धन और प्रतिष्ठा तो अर्जित की, किन्तु शिक्षा से अब तक उसका वास्ता न था। बालक ज्योति भी दाखिले के बावजूद ज्यादा दिन स्कूल नहीं जा सके। उन्हें खेत और दुकान से जुड़ना पड़ा। दैवयोग से एक माली सज्जन ने गोविंदराव से गुजारिश की कि ज्योति को पढ़ने से न रोकें। फलतः वह पुनः स्कूल में प्रविष्ट हुए और उन्होंने सन् 1847 में स्थानीय स्काटिश मिशन हाईस्कूल से अंग्रेजी की शिक्षा पूरी की। गौर करें कि ज्योति की उम्र तब 20 साल हो चुकी थी। जैसा कि तब रिवाज था, तेरह साल की उम्र में उनकी शादी सावित्री नामक सजातीय कन्या से कर दी गयी, जिससे उन्हें एख संतान की प्राप्ति हुई। ज्योतिबा के जीवन में निर्णायक मोड़ सन् 1848 में तब आया, जब वह अपने एक ब्राह्मण मित्र के विवाह में शरीक हुए। ब्राह्मण मित्र के पिता ने ज्योतिबा को उसकी जाति की याद दिलाते हुए सरेआम बुरी तरह फटकारा। इस घटना ने उन्हें घृणित जातिप्रथा के दंश का एहसास तो कराया ही, उनके जीवन की दिशा याकि कहें उनके क्रांतिकारी मिशन का स्वरूप तय कर दिया। लाख बाधाएं आईं, लेकिन वह अपने पथ से विचलित न हुए और अंततोगत्वा समाज-सुधार के नभोमंडल में ध्रुवतारे-सा प्रतिष्ठित हो गये।

सन् 1848 का ही वाकया है। इसी साल ज्योतिबा को अहमदनगर में एक कन्याशाला में जाने का मौका मिला। यह पाठशआला ईसाई मिशनरियों से परिचलित थी। घटनाएं अफना प्रभाव छोड़ रही थीं। इसी साल ज्योतिबा के हाथ एक किताब लगी। 'राइट्स ऑफ मैन'। लेखक थॉमस पेन। थॉमस पेन अमेरिकी युद्ध में कांग्रेस के विदेशी मामलों का सचिव था। सन् 1791 में प्रकाशित इस किताब ने ज्योतिबा पर अमिट प्रभाव छोड़ा और उनके मन में सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष की लौ जला दी।

नवाचार की आधारशिला रंग लाई। ज्योतिबा तालीम की अहमियत जान गये थे। जान गये थे कि अज्ञान ही दासता है। सबसे पहले उन्होंने अपनी जीवनसंगिनी सावित्री को लिखना-पढ़ना सिखाया। फुले युगल ने सन् 48 में ही पुणे में कन्याओं के लिए पहली स्वदेशी पाठशाला खोल दी। ज्योतिबा ने अपनी मौसेरी बहन सगुनाबाई क्षीरसागर को भी मराठी लिखना सिखा दिया। पुणे के उच्च जातियों ने इसे पसंद नहीं किया और अड़चने डालीं, लेकिन प्रगतिशील भारतीयों और योरोपियों ने फुले-दंपत्ति का साथ दिया।

हालात ऐसे बने कि फुले परिवार ने सावित्री - ज्योतिबा को घर से निष्कासित कर दिया। ऐसे में उनके मित्र उस्मान शेख ने उन्हें शरण दी और उन्हीं के अहाते में फुले का स्कूल भी खुला। उस्मान और उसकी बहन फातिमा शेख का साथ और योगदान रंग लाया। फुले दंपत्ति ने महार बच्चों की शिक्षा के लिए स्कूल खोला। सन् 1852 तक पुणे में फुले-दंपत्ति के तीन स्कूल खुल चूके थे और वहां 273 लड़कियां तालीम पा रही थी। दुर्योग से सन् 1858 आते न आते सभी शालाएं बंद हो गयीं। इसका बड़ा कारण एक तो यह था कि सन् 1857 की क्रांति के फलस्वरूप योरोपियों से वित्तीय सहायता बंद हो गई थी।

सरकारी इमदाद भी रूक गयी थी और तीसरा कारण कि पाठ्यक्रम पर मतभेदों के चलते ज्योतिबा ने स्कूलों के प्रबंधन से राजीनामा (इस्तीफा) दे दिया था। यह वह काल था, जब अंचल अपनाना सहने को बाध्य थे। उन्हें कमर से झाड़ू बांधकर चलना पड़ता था। उनकी बेटियां-बहनें जलसों में निर्वस्त्र नाचने को बाध्य थीं। विधवाओं को सिर मुड़ाकर रहना पड़ता था और उन्हें मांगलिक कार्यों से दूर रहना पड़ता था। बाल विवाह जोरों पर था। पुणे में विश्रामबाग वाड़ा में कन्या शाला खोलने के उपरांत ज्योतिबा ने अनेक कदम उठाये। उन्होंने विधवाओं के पुनर्विवाह की हिमायत की। सन् 1863 में उन्होंने विधवा महिलाओं की प्रसूति के लिए केन्द्र खोला। नवजात-मृत्यु की रोकथाम के लिए उन्होंने अनाथालय की स्थापना की। इसके पीछे काशीबाई नामक विधवा ब्राह्मणी की अपने संतान की हत्या और उसे दंड़ित किए जाने के मार्मिक प्रसंग का हाथ था। ज्योतिबा ने अपने घनिष्ट मित्र सदाशिव गोवंडे और पत्नी सावित्री के सहयोग से प्रसुति केन्द्र खोलकर साहसिक उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी ओर से पुणे में दीवारों पर पर्चे चिपकाये गये, जिसमें लोगों से हृदयस्पर्शी अपील थी। यह केन्द्र नवें दशक के मध्य तक जीवित रहा। शोषित, वंचित जनों के लिए उन्होंने अपने घर के द्वार खोल दिये। अस्पृश्य जन वहां आकर उनके कुयें से निस्संकोच पानी पानी भर सकते थे।

ज्योतिबा वर्ण-व्यवस्था या जातिप्रथा के घोर विरोधी थे। उनकी मान्यता थी कि बाहर से आये आक्रामक आर्यो ने स्थानीय समुदाय पर पाबंदियां और वर्जनाएं लाद दीं। अपनी बहुचर्चित कृति 'गुलामगिरी' में उन्होंने ईसाई मिशनरियों और ब्रिटिश उपनिवेशवादियों के प्रति इस नाते कृतज्ञता ज्ञापित की कि उनके कारण शेषित जातियों को एहसास हुआ कि वे भी मानवीय अधिकारों की पात्रता रखते हैं। उनके मुताबिक विष्णु के अवतार आर्यों की विजय गाथा के प्रतीक है। राजो बालि उनके तई नायक था। उन्होंने वेदों के विरुद्ध भी मत व्यक्त किया। शूद्रों के लिए दलित संज्ञा का उफयोग करने का श्रेय ज्योतिबा को जाता है।

सन् 1882 में एख शैक्षिक आयोग के सम्मुख गवाही में ज्योतिबा ने शओषितों के बच्चों के लिए शिक्षा में मदद की गुहार की और कहा कि हाईस्कूलों और कॉलेजों में इन बच्चों को 'प्रोत्साहन' दिया जाना चाहिए। उन्होंने गांवों में प्राथमिक शिक्षा की अनिवार्यता की भी मांग की। जातीय समानता, दलित उत्थान, अंधविश्वास और भेदभाव उन्मूलन और खुशहाली के लिए उन्होंने सितंबर, सन् 1874 को सत्यशओधक समाज की स्थापना की। उन्होंने पुरोहितों के खिलाफ निर्भीकतापूर्वक आवाज उठाई। पुणे से प्रकाशित मराठी पत्र 'दीनबंधु' समाज का प्रवक्ता बनकर उभरा। अनेक ब्राह्मण, मुसलमान और सरकारी अफसर समाज के सदस्य बने।

ज्योतिबा फुले ने अपने जीवन में व्यापारी, कृषक और ठेकेदारी की भूमिका भी निभाई। मूला-मूठा नदी पर बांध, कूटराज टनल और यरवदा जेल के निर्माण में उनकी दिलचस्प भूमिकाएं रहीं। सन् 1873-86 में वह पुणे म्यूनिस्पैल्टी के मनोनीत कमिश्नर रहे। उनके अभंग तथा अनेक गद्य कृतियां हमारी थाती हैं। 11 मई सन् 1888 को बंबई के ख्यातनाम सुधारक विठ्ठलराव कृष्णाजी वाडेकर ने उन्हें 'महात्मा' की उपाधि से विभूषित किया।

उनकी अनेक जीवनियां लिखी गईं। धनंजय कीर ने उन्हें 'फादर ऑफ सोशल रिवल्यूशन' कहकर पुकारा। डॉ. बीआर अंबेडकर ने उन्हें अपना गुरू माना। उनका देहांत 28 नवंबर, सन् 1890 को पुणे में हुआ। देश में अनेक स्थानों पर उनकी प्रतिमाएं हैं और अनेक संस्थानों का नामकरण उनके नाम पर हुआ। उन पर फिल्म भी बनी। भारत में समाज-सुधार की गाथा महात्मा फुले के जिक्र के बगैर अधूरी है।

# कमलनाथ को लेकर कांग्रेस में हाय-तौबा !

**राजनीति**

**जीएल सोनाने**



घर में आग लगा कर , हाथ सेंकने वाले - यकीनन, कांग्रेस में बहुत ज़्यादा हैं ! और उसी का नतीजा है कि , विधानसभा चुनाव के पहले ही ,मुख्यमंत्री चेहरे को ले कर , इतनी अधिक जूतमपैजार मची है ! आप देखिए, जितने सज्जनों ने इस विवाद में बोलने की कोशिश की है , उनमें से आधे , अपनी ज़मीन खो चुके हैं। बोलने वाले कोई और हैं और , शब्द किसी ओर के हैं। इतना ही नहीं, पार्टी के अधिकांश वरिष्ठ नेता, न ज़मीन पर सक्रिय हैं और न ही वे संगठन में। इस प्रदेश में , कांग्रेस की बिदाई के पीछे ऐसे छिछोरे , आधार हीन, बहुत ज़्यादा बोलने / वाचाल और विभीषणों की बहुत बड़ी संख्या का होना है। कौन कितने दम और ताक़त के साथ, कमलनाथ के साथ खड़ा है , पता लगाना मुश्किल है। इसीलिए, पार्टी को सु परिणाम भी नहीं मिल रहे हैं। इतिहास बोलता है कि - जो इतिहास से सीखते नहीं , वे नुक़सान ही उठाते हैं ! आज के माहौल को देखते हुए कमलनाथ को , अपनी टीम बनाने के लिए नये सिरे से प्लानिंग करने की ज़रूरत है। यह इसलिए भी ज़रूरी हो गया है कि , पिछले तीन दिन में जिस स्पीड से और जिस तेवर से तथाकथित बयान आये हैं - यह , आने वाले कल की संक्षिप्त, किंतु चौंकाने वाली घंटी है। इन सब को , समय रहते नियंत्रण में लेना चाहिए। यह , समय की ही माँग है ! जो बयान आये हैं , सभी को मीडिया में खूब उछाला गया है वैसे भी सरकार की ओर से , मीडिया को निर्देश हैं कि , कांग्रेस के अच्छे समाचार रोके जायें या , कम करके , ज़्यादा प्राथमिकता से न छापे जायें , किंतु, कांग्रेस के खिलाफ जाने वाले समाचारों को ज़्यादा से ज़्यादा उछाला जाये ! मीडिया को ये भी निर्देश हैं कि कांग्रेस के खिलाफ के समाचारों में , बीजेपी के नेताओं/ पदाधिकारियों की टिप्पणी भी प्राथमिकता से , प्रकाशित की जायें ! इससे साफ़ ज़ाहिर है कि कांग्रेस को ले कर बीजेपी, सरकार और उनकी प्रचार नीति कहाँ तक सोचती है ? इन माहौल को देखते हुए, कमलनाथ को अपने चारों तरफ़ भी नज़रें इनायत कर लेनी चाहिए और , अपने आसपास मंडरा रहे विभीषणों की पहचान कर लेनी चाहिए। क्योंकि , पिछले तीन महीने में ऐसा क्या हो गया है कि , मध्यप्रदेश कांग्रेस पार्टी में कमलनाथ के विरूद्ध लगातार, विरोध के सुर उठ रहे हैं ? आपसी सहमति से बनी , ज़िला प्रभारियों/ अध्यक्ष के नामों पर , असंतोष क्यों है ? धार , सागर के बाद , मंगलवार रात को खरगौन भी होल्ड कर दी गई ! यह सब , एक सोची समझी रणनीति का ही हिस्सा है और , वह है सिर्फ़ और , सिर्फ़ कमलनाथ को कैसे हताश किया जाए ! जो माहौल, उमंग सिंघार के खिलाफ बन रहा है ,



वह भी सीधे बीजेपी प्रदेश मुख्यालय की ओर जाता है। साफ़ है , सिंघार भी बीजेपी में जा सकते हैं ? और यह सब , कमलनाथ को कमजोर करने की ही , नीति पर काम हो रहा है। तो , क्या विघ्न संतोषी बीजेपी से मिले हुए हैं ? हरकतों से तो यही लगता है ! इन सब से निपटने के लिए कमलनाथ को अपने हथियार, माँजने होगें। उनको अपनी कार्यप्रणाली की धार को और धारदार बनानी होगी। उन्हें हर हथियार को आज़माना होगा। और ऐसे ही हथियारों में से एक हथियार है - मीडिया ! आज युग ही मीडिया का है। जो उससे ज़्यादा दूरी रखेगा , वह ग़ायब हो जायेगा - आउट आफ आईज , आउट आफ माइंड ! कमलनाथ के ख़िलाफ़ दिये बयानों और बीजेपी के नेताओं के जो बयान आये हैं - सभी का सुर मज़ा लेने का है। और मज़ा ले रहे हैं। कांग्रेस के जिन नेताओं के बयान कमलनाथ के ख़िलाफ़ आये हैं , देर शाम या देर रात , सभी की बीजेपी नेताओं से गुफ़्तगू होगी। हंसी - ठिठोली होगी !

## एक नजर

### रोजगार मेला 13 फरवरी को

**गरियाबंद,9 फरवरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र एवं शासकीय आई.टी.आई गरियाबंद के संयुक्त तत्वावधान में 13 फरवरी 2023 दिन सोमवार को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक शासकीय आई.टी.आई परिसर, रायपुर रोड, गरियाबंद में निःशुल्क रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। रोजगार मेला के लिए 05 निजी प्रतिष्ठानों से स्टूडेन्ट ट्रैनी, केयर टेकर, नर्स, फायरमेन, ड्राईवर (हेवी लाईसेस) सेल्स एक्जीविटिव एवं सिक्यूरिटी गार्ड आदि पद के कुल 430 रिक्तियॉं प्राप्त हुई है, जिसमें भर्ती की कार्यवाही रोजगार मेला के माध्यम से की जायेगी। रोजगार मेला में निजी प्रतिष्ठानों में रोजगार के इच्छुक 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, एएनएम/जीएनएम, डिप्लोमा, इन फायर सेफ्टी, वाहन चालक (हेवी लाईसेस) आदि योग्यता रखते हों, वे दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी अंकसूची/प्रमाण पत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेला का लाभ उठा सकते है। रोजगार मेला संबंधी विस्तृत जानकारी हेतु मोबाईल नं. 7697627251, 7987262048, 9329559607 एवं 89639-70727 मे संपर्क कर सकते है।

### पुन्नी मेला में 11 फरवरी को होगा सामूहिक विवाह

**गरियाबंद, 9 फरवरी।** मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह कार्यक्रम 10 फरवरी 2023 दिन शुक्रवार को राजीव लोचन मंदिर परिसर में होना था, किन्तु अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि को परिवर्तित करते हुए 11 फरवरी 2023 दिन शनिवार को राजिव लोचन मंदिर परिसर में सम्पन्न होगा। महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी ए.के. पाण्डेय ने बताया कि उक्त आयोजन राजिम विधायक अमितेश शुक्ल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा।

### जिले में 5 अतिरिक्त परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित होंगे

**गरियाबंद, 9 फरवरी।** छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग द्वारा गरियाबंद जिले में परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित किया जायेगा। लर्निंग लाइसेंस बनाने एवं अन्य परिवहन सेवाओं के लिए फिंगेश्वर विकासखंड में 03, मैनपुर में 01 एवं देवभोग में 01 सहित कुल 05 अतिरिक्त परिवहन सुविधा केंद्र को प्राधिकृत करते हुए स्थापित किया जायेगा।। इच्छित अर्हताधारी जिला परिवहन कार्यालय गरियाबंद में 200 रूपये विहित शुल्क जमा कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन जमा करते की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2023 शाम 05:30 बजे तक है। निर्धारित तिथि व समय के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। सुविधा केन्द्र हेतु जिले के स्थानीय निवासी को ही प्राथमिकता दी जावेगी। आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापसी योग्य नहीं होगा।

### बागबाहरा शासकीय उचित मूल्य दुकान का होगा आबंटन

**महासमुंद।** अनुविभाग बागबाहरा अंतर्गत बागबाहरा नगरीय क्षेत्र में नवीन एवं सहकारी समितियों द्वारा निर्धारित मानक से अधिक संख्या में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का समर्पण किया गया है। नगरीय निकाय में शासन के निर्देशानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकानों का युक्तियुक्तकरण किया जाना है। इस संबंध में शासकीय उचित मूल्य दुकान का आबंटन किया जाना है। नगरीय निकाय बागबाहरा के अंतर्गत उचित मुल्य की दुकान वार्ड क्रमांक तीन, चार, पांच, ग्यारह, बारह एवं तेरह तथा शासकीय उचित मूल्य की दुकान क्रमांक 582002001 के लिए छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत् विकासखण्ड बागबाहरा में स्थित वृहत्ताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समितियों, प्राथमिक कृषि साख समितियों, वन सुरक्षा समितियों, महिला स्व सहायता समूहां, ग्राम पंचायतों एवं अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियों से जो उचित मूल्य की दुकान के संचालन के लिए ईच्छुक है, ऐसे समितियों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। वे समितियां निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र समस्त दस्तावेज सहित विहित प्रारूप एक में 15 फरवरी 2023 तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बागबाहरा में कार्यालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है।

## सभी में हनुमान की तरह शक्ति मौजूद बशर्ते उसे बाहर निकालने की जरूरत: संतोष

# नदी मंच में बिखरी लोक संस्कृति की छटा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,9 फरवरी।** राजिम माघी पुन्नी मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत नदी मंच में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा लोकधुन, लोकनृत्य एवं लोकगीत के माध्यम से बिखरती रहीं। दर्शक ताली बजाकर लुफ्त उठाते रहें। चौबेबांधा के लक्ष्मीनारायण मानस मंडली की शानदार प्रस्तुति ने घंटो बांधे रखा। गायक दीपक श्रीवास ने धार्मिक भजनों से महौल बनाया तो व्याख्याकार संतोष कुमार सोनकर ने सुंदरकांड प्रसंग पर कहा कि हनुमान की तरह शक्ति सभी में मौजूद है बशर्ते उसे बाहर निकालने की आवश्यकता है। जामवंत के द्वारा कहने पर हनुमान को यकीन नहीं हुआ इसलिए समुद्र के किनारें एक सुंदर पहाड़ पर चढ़कर अपने शक्ति का परीक्षण किया। हर बार रामचन्द्र उन्हें संभालते रहें। ईश्वर हर क्षण हमारी सुरक्षा करते हैं। लेकिन हम समझ नहीं पाते। राम कृपा हमारें जीवन में मार्ग प्रशस्त करते हैं। श्री सोनकर ने कहा आगे कहा कि रामचन्द्र जी वनवास काल में छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा समय व्यतीत किया। माता कौशिल्या की भूमि भांजा राम की कृपा रचे बसे है। बकली के मंशाराम द्वारा जय सतनाम चौका भजन प्रस्तुत किया गया। गरियाबंद के प्रेम यादव ने आदिवासी नृत्य की छटा बिखेरी। एक ही वेशभूषा में नृत्य का जलवा देखने को मिला। खट्टी पांडुका के पुना बाई बंसोड़ ने कपालिक शैली पर महाभारत के प्रसंग को शानदार प्रस्तुत किया। बेलसोढ़ा महासमुन्द के पुरानिक साहू ने लोक नाचा के माध्यम से दर्शकों के दिलों में जगह बना ली। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र पंत एवं दुर्गेश तिवारी ने किया। सांस्कृतिक प्रभारी पुरूषोत्तम चंद्राकर, किशोर निर्मलकर, देवेन्द्र, सुखेन साहू आदि व्यवस्था में लगे हुए है।

## भोग भंडारे में प्रतिदिन हजारों भक्त कर रहे प्रसाद ग्रहण

**राजिम,9 फरवरी।** साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति एवं नगर साहू संघ राजिम-नवापारा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भोग भंडारे में आज तीसरे दिन राजिम माता भोग भंडारा में मेला में आए हुए हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किए। आज के भोग भंडारा का आयोजन जिला पंचायत गरियाबंद के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती श्वेता शर्मा के सहयोग से अपने स्वर्गीय पिता बिजेंद्र दीपक की स्मृति में किया गया था। भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसादी वितरण में जिला पंचायत गरियाबंद के प्रथम अध्यक्ष श्रीमती श्वेता-संजय शर्मा, छत्तीसगढ़ साहू संघ प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, संरक्षक डॉ रामकुमार साहू, डॉ महेंद्र साहू, बाला राम साहू युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष राजू साहू, उपाध्यक्ष नूतन साहू, होरी लाल साहू,



कोषाध्यक्ष भोले साहू, महामंत्री रामकुमार साहू, महासचिव श्याम साहू, डॉ. लीलाराम साहू, सोहन साहू, मिंजून साहू, डॉ ओंकार साहू, घनश्याम, कुंदन साहू, तुलाराम साहू, नगर अध्यक्ष भवानी शंकर साहू, सचिव राजू साहू, तरुण साहू, विष्णु साहू, ईश्वरी साहू, रामानुज साहू, युवा प्रकोष्ठ के रोशन साहू, आशीष साहू, अमित साहू, मोहित साहू, होरी लाल साहू, प्रेम बाई साहू, रामबाई साहू, भावना साहू, सरोज साहू सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बन्धु सहयोग में लगे हुए थे।

# लक्ष्मण झूला ने त्रिवेणी संगम की रौनक बढ़ा दी

**राजिम।** 5 फरवरी से प्रारंभ माघी पुन्नी मेला की रौनकता दिन-प्रतिदिन निखर रही है। मेला के तीसरे दिन भी अच्छी खासी भीड़ देखी गई। मांमा भांजा मंदिर से लगा हुआ लक्ष्मण झुला 610 मीटर की लंबाई में भगवान कुलेश्वरनाथ महादेव के मंदिर तथा दूसरे छोर पर धमतरी जिला के सीमा में स्थित लोमश ऋषि आश्रम आसानी से पहुंचा जा रहा हैं। मेले में भीड़ ज्यादा होने के कारण श्रध्दालुओं को व्यवस्थित ढंग से चलने के लिए व्यवस्था की गयी है। झुला के मध्य में लोहे का खंभा लगाकर दांये - बायें चलने के लिए डोर लगा दिया गया है। ज्यादा भीड़ होने पर उन्हें कवरेज करने के लिए बीच-बीच में स्टापेज बनाया गया हैं। शाम को आकर्षक और रंग



बिरंगी लाइट की रोशनी से झुला की आभा निखर जाती हैं। तरह-तरह के रंग बिरंगी लाइटें आकर्षक दृश्य प्रस्तुत कर रहीं है। उल्लेखनीय है कि इस लक्ष्मण झूला कों 33 करोड़ की लागत से बनाया गया है। लोहे के एंगल एवं प्लेट आर्च की सुंदरता को बढ़ा दिया है। बेमेतरा से पहुंचे पोषण साहू, योगेश साहू, हरि, जीवन, धनेश्वर ने बताया कि वह पहली बार लक्ष्मण झूला चढ़े हैं। झुला के मध्य में जाने पर उनका हिलना बहुत ही अच्छा लगा। धन्य हैं यहां के लोग जिसे भगवान राजीव लोचन की प्रतिदिन दर्शन हो रहें है। हम तो एक ही दिन में अति प्रसन्न हो रहें है। राजनांदगांव की बैसाखिन बाई, धर्मिन बाई, सुनीता, योगेश्वरी, दिल्ती बाई ने बताया कि परिवार के संग मेला घुमने आये हैं। पहली बार लक्ष्मण झूला चढ़ा। महादेव की कृपा से उनका दर्शन भी हो गया। हमारे बड़े भाग्य है। धमधा जिला बेमेतरा से कुमारी, गीता, महासमुंद के गोपाल, दयालु राम, टिल्लु, देवभोग के देवानंद ने बताया कि लक्ष्मण झूला चढ़ने के लिए ही हम यहां पर आये है। पहले बहुत ज्यादा नाम सुना था कि यह झूला ऋषिकेश में हैं अगर इसे देखना है तो सैकड़ों मील दूरी तय करते, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयास से राजिम संगम में ही इसे देखने का मौका मिल गया इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। उल्लेखनीय हैं कि पिछले वर्ष 01 मार्च को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लक्ष्मण झूला का उद्घाटन किया था। पूरी बरसात में इसी झुला के माध्यम से लाखों श्रध्दालुओं ने बाबा कुलेश्वरनाथ महादेव का दर्शन लाभ लिया। एक तरह से महादेव तक जाने के लिए वरदान सिध्द हुआ है।

## रामाराम में मेला, मंत्री कवासी लखमा ने किए माता के दर्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 9 फरवरी।** जिले के रामाराम में भव्य मेला का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। माँ चिटमिट्टीन अम्मा देवी दर्शन कर भक्तों ने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। वहीं इस दौरान क्षेत्रीय विधायक व केबिनेट मंत्री कवासी लखमा ने भी मेला स्थल पहुंच कर माता के दर्शन किए। विदित हो कि मेले की शुरूआत सुकमा माता मंदिर से होती है। जहां से देवी की डोली रामाराम मंदिर के लिए जमींदर परिवार, पुजारी व सेवको एवं स्थानीय लोगों के साथ देवी की डोली रामाराम मेला के लिए पहुंचती हैं। जहाँ रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन मेले का आयोजन होता है। रामाराम देवी के मंदिर प्रवेश के साथ विशेष पूजा अर्चना करने के साथ भव्य मेला की शुरुआत होती हैं, इसके बाद दूसरे दिन देवी की डोली पुनः सुकमा राजवाडा मंदिर पहुंचती है। जहां विशेष पूजा अर्चन कर मेले की शरूआत की जाती है। सुकमा जिला मुख्यालय से आठ किमी दूर प्रतिवर्ष की तरह लगने वाल रामाराम मेला इस वर्ष भी भव्य आयोजन के साथ लगा। रामाराम में माँ चि?टमिट्टीन अम्मा देवी दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालू बडी संख्या में पहुंचे रहे थे। लम्बी करते हुए दिखे। जहां पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना के लिए प्रार्थना की। साथ ही यहां पहुंचे लोगों ने मेले का आनंद लिया। ज्ञात हो कि सुकमा जिले का यह सबसे बडा मेला होता है। इसके बाद ही सुकमा जिले में अन्य क्षेत्र में मेला मडाई की शुरूआत होती है। स्थानीय लोगों का अस्था का प्रमुख केन्द्र है। वहीं मेले में किसी प्रकार की अनहोनी से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था। जगह जगह पुलिस तैनात रही। वही अति संवेदनशील क्षेत्र होने से पुलिस पूरी मुस्तैद रही। साथ यहां अपने श्रद्धालूओं यहाँ स्थिति पहाड के मनोरम दर्शय का भी खूब आनंद उठाये। साथ ही यहां पर काफी सालों बाद विदेशी सैलानी भी शामिल हुए और मेले का आनंद उठाते हुए देखने को मिला। मेले की रौनक दोपहर के बाद बड़ी। यहां तरह-तरह के खेल-खिलौनों और खाने- पीने की दुकानों पर बच्चे मगन रहे लेकिन बड़ों ने भी उन्हीं की तरह मेले में लुत्फ लिया। खिलौना बेचने वालों से बच्चों ने सीटी, खिलौना वाली मोबाइल, चश्मा, चेहरा, गुब्बारा, गुड़िया, चाभी वाले खिलौने खरीदे।

## मणिकंचन केन्द्र में कार्यरत महिलाओं के कार्य की नपाध्यक्ष ने की जमकर तारीफ

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने नगर के मणिकंचन केन्द्र (एसएलआर) सेंटरों का जायजा लिया। उन्होंने खरोरा, खैरा, दलदली रोड, तथा तुमाडबरी सेंटर पहुंचकर यहां कचरा प्रबंधन कार्य में लगी महिलाओं से बातचीत की तथा उनकी समस्याओं को जाना और उन्हें इसका जल्द से जल्द निराकरण करने का भरोसा दिया।

नपाध्यक्ष ने कचरा प्रबंधन केंद्र में गीले कचरे से बदबू न आने पर आश्चर्य जताया। उन्होंने कहा कि शहर भर का कूड़ा करकट यहां लाकर रखा जाता है पर इतनी साफ-सफाई है कि बदबू नहीं आ रही। इसी से आप सभी के दृढ़ इच्छाशक्ति और सफाई व्यवस्था का आकलन मैं कर पा रही हूं। पालिकाध्यक्ष ने स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक (पी आई यू) एंव प्रभारी को सप्ताह में दो दिन सभी सेंटरों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।नपाध्यक्ष जब एसएलआरएम सेंटरों में पहुंचे तो महिलाएं अपने काम में लगी हुई थी। महिलाओं की कचरा प्रबंधन कार्य में मेहनत देख अध्यक्ष ने जमकर तारीफ की।उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की स्वच्छता दीदी (सफाई मित्र )पूरे दिन कचरे की चिंता करती हैं। डोर टू डोर संग्रहण के बाद रिक्शा से कचरे को एसएलआरएम सेंटर में लाकर सुखा-गीला कचरा पृथक पृथक करना आसान काम नहीं है। इसके बाद पूरे सेंटर की साफ-सफाई रखना भी अपने आप में बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि महिलाओं को सूखा गीला कचरा की छंटाई में थोड़ी परेशानी आ रही है। शहर के नागरिक इन महिलाओं की काम में मदद करें। सूखा गीला कचरा अलग-अलग दे ताकि सेंटर में छंटाई के दौरान उन्हें परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि आज भी बहुत से घरों से सूखा और गीला कचरा एक साथ मिल रहा है। ऐसी स्थिति में महिलाओं को उसकी छंटाई करने में काफी दिक्कतें आ रही हैं। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष के साथ आरिश अनवर , श्रीमती लता कैलाश चन्द्राकर, स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी नौशाद बक्श, सेंटर प्रभारी रमा महानंद, टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे, उपस्थित थे।

## समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम,संस्कृति विभाग के संचालक आचार्य ने लिया तैयारियों का जायजा

# वियतनाम तथा श्रीलंका की मंडलियों की उपस्थिति में होगी राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,9 फरवरी।** राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता की मेजबानी का असर इस बार गरियाबंद जिले को मिला है जिले के राज्य में चल रहे मांगी पुन्नी मेले के अंतिम 3 दिनों में राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार श्रीलंका तथा वियतनाम से भी रामायण की मंडलीय पहुंचकर उनके देश में प्रभु श्री राम को कैसे पूजा जाता है वहां की रामायण क्या कहती है इसका आकर्षक मंचन छत्तीसगढ़ के राजिम में करेगी कार्यक्रम का समापन महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री के आतिथ्य में होगा राज्य स्तर से संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य तथा डिप्टी डायरेक्टर श्री पारख आज राजिम पहुंचे तथा तैयारियों का जायजा लिया साथ ही जिला स्तरीय रामायण प्रतियोगिता में शामिल भी हुए गरियाबंद के अपर कलेक्टर



अविनाश भाई ने उन्हें राजिम मेला स्थल मुख्य मंच जिला स्तरीय रामायण प्रतियोगिता के पंडाल तथा महानदी आरती स्थल एवं विभागीय स्टॉल का निरीक्षण करवाया सभी स्थितियों को देखने के बाद निर्णय लिया गया कि पहले दोनों दिन 16 और 17 फरवरी को नदी में बने डोम में राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश भर के सभी जिलों से तथा अन्य कुछ राज्यों से भी रामायण मंडली पहुंचेंगे अपनी प्रस्तुति देंगे तीसरे दिन का कार्यक्रम मुख्य मंच पर किया जाएगा जिसमें अन्य राज्यों की प्रस्तुतियों को भी शामिल किया जाएगा राज्य शासन विजई प्रतिभागियों को बड़ा इनाम भी देगी, संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने बताया कि राज्य शासन प्रभु श्रीराम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए और छत्तीसगढ़ की पुरानी संस्कृति को पुनर्जीवित करने यह विशेष प्रयास कर रही है पिछले साल इसमें बड़ी सफलता मिली पहले गांव स्तर पर फिर सेक्टर स्तर पर फिर ब्लॉक स्तर पर आयोजन के बाद जिले स्तर पर होने वाले आयोजन में चयनित मंडलियों का मंचन राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किया जाएगा तथा राज्य स्तर पर प्रथम तीन आने वाली मंडलियों को संस्कृति विभाग की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा आस्था और अध्यात्म के संगम स्थल राजीव में इस बार राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा जिसमें वियतनाम तथा श्रीलंका से भी रामायण मंडली शामिल होंगी और वहां प्रभु श्रीराम का कितना महत्व है वह बताएंगे। आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त बद्री से सुखदेवे ने पहुंचे संस्कृति विभाग के संचालक श्री विवेक आचार्य तथा डिप्टी डायरेक्टर श्री पारस का जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा तथा अतिथियों से अवगत कराया कार्यक्रम में श्री विवेक आचार्य ने उद्बोधन भी दिया राज्य सरकार की इस आयोजन के पीछे की मंशा भी बताई ।

## समाचार संक्षेप

### धर्मांतरण के विरोध में किया एक दिवसीय प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**सुकमा, 9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नारायणपुर में इसाइयों के द्वारा जनजातियों पर किये गये प्राणघातक हमले एवं प्रदेश में बढ़ते धर्मांतरण के विरोध में बुधवार को धरना-प्रदर्शन किया गया। सर्व हिंदू समाज के बैनर तले आयोजित प्रदर्शन में समाज जनों ने कलेक्टर सुकमा के नाम डिप्टी कलेक्टर को सौंपकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान धरना प्रदर्शन में धनीराम बारसे, आशीष दुबे, पी विजय, विश्वराज सिंह चौहान, संजय सोढ़ी समेत बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। धरना प्रदर्शन के दौरान सर्व हिंदू समाज ने कहा कि नारायणपुर में धर्मान्तरित इसाइयों द्वारा अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में आने वाले ग्रामीणों पर प्राणघातक हमले किये गये। जिसके परिणामस्वरूप समूचे छत्तीसगढ़ में सामाजिक विद्वेष की स्थिति निर्मित हो चुकी है। शांतिप्रिय क्षेत्रों में भी अवैध धर्मांतरण के दुष्परिणाम के कारण अप्रिय घटनाएं सामने आ रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश के लगभग सभी जिलों में ईसाई मिशनरियों के द्वारा अवैध तरीके से धर्मांतरण कराने की गतिविधियां चलाई जा रही हैं। जिससे छत्तीसगढ़ का हिंदू समाज प्रभावित हो रहा है। मिशनरियों के द्वारा किये जा रहे इन गतिविधियों के कारण ही प्रदेश के कई हिस्सों में कानून व्यवस्था एवं सौहार्द बिगाड़ने की घटना भी सामने आ चुकी है।

### कलेक्टर ने किया गादीरास उद्ध्वहन सिंचाई योजना का निरीक्षण

**सुकमा, 9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



कलेक्टर श्री हरिस. एस के द्वारा ग्राम गादीरास में जल संसाधन विभाग अन्तर्गत मलेन्जर नदी पर स्थित गादीरास उद्वहन सिंचाई योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा गादीरास उद्वहन सिंचाई योजना की सिंचाई क्षमता एवं नहर के संबंध में उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा जानकारी ली गई।गादीरास उद्वहन सिंचाई योजना में 80 हेक्टेयर खरीफ सिंचाई एवं 60 हेक्टेयर रबी सिंचाई हेतु योजना निर्मित है। इस वर्ष रबी सिंचाई हेतु 30 हेक्टेयर रकबा में सिंचाई हेतु पानी देने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर श्री हरिस. एस ने निरीक्षण के दौरान कृषक श्री सुक्का सिंह नाग एवं अन्य किसानों के साथ सिंचाई एवं फसल के संबंध में चर्चा की। कृषकों के द्वारा वर्तमान में रबी फसल अन्तर्गत मक्का, रागी, मूंग एवं सब्जी भिण्डी की फसल ली गई हैं। फसल को जानवरों से सुरक्षित रखने के लिए कृषकों के द्वारा अनुदान अन्तर्गत फेन्सिंग की मांग की गई जिस पर कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी को सर्वे करने हेतु निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री हरिस. एस ने कृषकों को अधिक से अधिक रकबा में फसल लेने की सलाह दी।

### मस्तान शाह बाबा का उर्स मनाया जा रहा



**सुकमा, 9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से सुकमा के सैय्यद मस्तान शाह बाबा का उर्स मुबारक मनाया जा रहा है आज मस्ताना उर्स कमेटी के मेंबरान के द्वारा छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय मंत्री श्री कवासी लखमा जी को बाबा के उर्स में बाबा के जियारत हेतु आमंत्रित किया गया माननीय मंत्री जी ने कार्यक्रम में शामिल होने एवं सहयोग भी दिये जिसके लिए उर्स कमेटी के मेम्बरान ने मंत्री जी का दिल से शुक्रिया अदा की।


### ग्रामीणों ने रैली निकाल मैनपुर थाना का किया घेराव

**गरियाबंद,9 फरवरी।** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोबरा के निवासी राकेश कश्यप को धमतरी जिला के नगरी पुलिस के द्वारा नक्सलियों को मदद करने और सहयोग पहुंचाने के आरोपी के रूप में गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की जानकारी लगने पर ग्राम गोबरा के सैकड़ों ग्रामीणों ने नराजगी जताते हुए रैली निकाल नारेबाजी करते हुए मैनपुर थाना पहुंच नेशनल हाईवे पर बैठ जक्का जाम किया। नक्सली सहयोगी को निर्दोष बताते हुए तत्काल छोडने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की।इस दौरान गरियाबंद के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश ठाकुर , मैनपुर एसडीओपी पुलिस अनुज कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी सचिन गुमास्ता ने ग्रामीणों को समझाया कि यह गिरफ्तारी मैनपुर पुलिस द्वारा नहीं किया गया है बल्कि नगरी पुलिस द्वारा किया गया है, लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस अफसरों की एक बात भी नहीं सुनी और नारेबाजी करते रहे और नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मुख्य मार्ग में बैठकर चक्काजाम प्रारंभ कर दिया। इस दौरान कोई भी वाहन को नेशनल हाईवे से नही गुजरने दिया गया। जिससे यात्री महिला एवं बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा चक्का जाम करने वाले ग्रामीणों को जिला पंचायत की सभापति श्रीमती लोकेश्वरी नेताम,उदंती सीतानदी किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष अर्जुन नायक ने संबोधित करते हुए नक्सली सहयोगी के रुप में गिरफ्तार किए गए आरोपी को निर्दोष बतलाया।तत्पचात मैनपुर एसडीएम हितेश पिस्दा को चक्काजाम कर रहे ग्रामीणो ने ज्ञापन सौंपा ।चक्काजाम के चलते गरियाबंद जिला पुलिस बल ने भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर रखा था। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रेश ठाकुर, एसडीओपी पुलिस अनुज कुमार गुप्ता, एसडीएम मैनपुर हितेश पिस्दा, तहसीलदार वसीम सिददकी, थाना प्रभारी सचिन गुमस्ता एंव स्थानीय पुलिस के अधिकारी कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा के लिए उड़नदस्ता दल गठित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2022 रविवार 12 फरवरी 2023 को आयोजित होगा। जिले के निर्धारित 24 परीक्षा केन्द्रों में यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। जिसमें पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनरल स्टडी का पर्चा होगा। दूसरी पाली में अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक एप्टीट्यूड का पर्चा आयोजित किया जाएगा। पीएससी में इस बार 6151 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर ने परीक्षा के सुचारू एवं निर्विघ्न रूप से संचालन के लिए निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश परीक्षा तथा उत्तरशीट में दिए गए फोटो एवं हस्ताक्षर का मिलान हेतु उड़नदस्ता दल गठित किया गया है।

बात है अभिमान के
छत्तीसगढ़िया
स्वाभिमान के



युवाओं को नई सुविधाएं
नए अवसर...

- स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम स्कूल योजना
- शिक्षा के अधिकार में 9वीं से 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा
- प्रत्येक जिले में महिला महाविद्यालय
- महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय
- शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय
- दर्जनों महाविद्यालय व संस्थान स्थापित
- खेल विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद का गठन
- राष्ट्रीय स्तर व राज्य स्तर की खेल अकादमी
- नगरीय निकायों और पंचायतों में 'राजीव युवा मितान क्लब'
- आदिवासी अंचलों में युवाओं को शासकीय नौकरी में प्राथमिकता
- नई उद्योग नीति में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता से रोजगार
- निर्माण में भागीदारी : बेरोजगारों के लिए ई-श्रेणी पंजीयन




श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

सेवा-जतन-सरोकार
छत्तीसगढ़ सरकार

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क के लिए छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा
आकल्पित एवं मुद्रित, नवम्बर 2022


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23